राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 281, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 24 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली में लाखों भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक बूथ स्तर पर सामूहिक हनुमान चालीसा

.... पेज 03

हमीरपुर में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, बुजुर्ग गंभीर घायल

.... पेज 05

नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार

.... पेज 07

# लोस चुनाव के तीसरे चरण में 95 सीटों पर 1,351 उम्मीदवार

### बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर एक हजार 351 उम्मीदवार मैदान में हैं।

तीसरे चरण में इस सीटों पर मतदान सात मई को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि तीसरे चरण के चुनाव के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त होने के बाद कुल 1,351 उम्मीदवार बचे हैं। आयोग ने कहा है कि इनमें मध्य प्रदेश की बैतूल (अजजा) क्षेत्र के आठ प्रत्याशी और गुजरात के सूरत निर्वाचन क्षेत्र में




निर्विरोध निर्वाचित एक प्रत्याशी का नाम भी शामिल है।

गौरतलब है कि बैतूल निर्वाचन क्षेत्र की चुनाव प्रक्रिया द्वितीय चरण में संपन्न होनी थी। बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के कारण यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया है। नाम वापस लेने के बाद गुजरात में 26 सीटों पर 266 प्रत्याशी, महाराष्ट्र में 11 सीटों पर 258, कर्नाटक में 14 सीटों पर 227, छत्तीसगढ़ में सात सीटों पर 168, मध्य प्रदेश में नौ सीटों पर 127, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर 100, पश्चिम बंगाल में चार सीटों पर 57, बिहार में पांच सीटों पर 54, असम में चार सीटों पर 47, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 20, गोवा की दो सीटों पर 16, दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव में दो सीटों पर 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हैं। बैतूल सहित 95 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिये कुल दो हजार 963 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिये पर्चे दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी और नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1,563 पर्चे वैध पाये गये थे।

तीसरे चरण के चुनाव में गुजरात में 26 संसदीय सीटों के लिये कुल 658 नामांकन पत्र मिले थे, उसके बाद महाराष्ट्र की 11 सीटों से लिए 519, कर्नाटक में 14 सीटों के लिए 503, छत्तीसगढ़ की सात सीटों के लिये 319 और उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिये 271 नामांकन पत्र आये थे।




सूखा राहत कोष जारी करने में देरी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, राज्य के कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम

## शाम में हो गई रात, आंधी-तूफान और फिर बरसात



एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम ने करवट बदल ली है। दिल्ली-एनसीआर में शाम के वक्त रात के जैसा अंधेरा छा गया और फिर कई हिस्सों में बारिश हुई है। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर में सुबह और दोपहर के वक्त मौसम सामान्य था। दोपहर में पिछले कुछ दिनों की तरह आज भी धूप भी तेज थी। लेकिन अचानक दिल्ली में मौसम का मिजाज बदला और आसमान में बादल छा गए। काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। दिल्ली और नोएडा के कई इलाकों में पहले आंधी-तूफान ने लोगों को गर्मी से राहत दी और फिर बारिश भी हुई है। नोएडा के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। आसमान में बादल भी गरज रहे थे। दिल्ली और नोएडा के अलावा ग़ाज़ियाबाद तथा हरियाणा के गुरुग्राम और सोनीपत में भी ऐसा ही मौसम है।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-एनसीआर में तापमान भी काफी बढ़ा हुआ था और लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। लेकिन मंगलवार को शाम के वक्त मौसम ने जिस तरह से करवट ली उसके बाद लोगों को इस तपिश से काफी राहत मिली है। दिल्ली के कई इलाकों में झमाझम हुई बारिश की तस्वीरें भी सामने आई हैं। फरीदाबाद में भी आसमान में काले बादलों का डेरा रहा और यहां अंधेरा छा गया। दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में धूल भरी आंधी भी उठी।

आईएमडी ने चेतावनी दी है कि मजबूत हवाओं की वजह से पेड़-पौधों, बागवनी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। इसी के साथ मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी जारी की है कि कीमती स्ट्रक्चरों और कच्चा मकानों को भी हल्का नुकसान पहुंचा सकता है।

### कैसा रहेगा आगे मौसम का हाल...

मौसम विभाग ने इससे पहले अनुमान जताया था कि 24 अप्रैल यानी बुध को मजबूत हवाएं दिल्ली में चल सकती है। इसके अलावा IMD ने यह भी पूर्वानुमान जताया है कि 25 और 26 अप्रैल को दिल्ली में आसमान मुख्य तौर से साफ रहेगा। इसके बाद 27, 28, और 29 अप्रैल को भी दिल्ली में दिन के वक्त मजबूत सतही हवाएं चलने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने यह भी अनुमान जताया है कि पूरे हफ्ते में दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। आईएमडी ने दिल्ली से सटे नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम को लेकर अनुमान जताया है कि इस पूरे हफ्ते इन सभी जगहों पर आसमान साफ रहेगा और नोएडा में अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस तथा गाजियाबाद में 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। इसके अलावा मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 26 अप्रैल को गुड़गांव में बारिश हो सकती है।

## भारत की मीडियम-रेंज मिसाइल का टेस्ट सफल

नई दिल्ली। भारत ने मंगलवार 23 अप्रैल को मीडियम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस लॉन्चिंग से भारत को नई टेक्नोलॉजी के साथ ऑपरेशनल कैपेबिलिटी मिल गई है। ये टेस्टिंग स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड के निर्देशन में की गई। ये भी बताया गया है कि ये मिसाइल अग्नि मिसाइल परिवार का हिस्सा नहीं है। इस बीच खबर है कि रूस अगले साल तक भारत को स-400 मिसाइल सिस्टम (जमीन से हवा में मार करने वाला) की बाकी बची दो यूनिट अगले साल तक दे देगा। यूक्रेन युद्ध के चलते इसकी सप्लाई में देर हो गई। भारत और रूस के बीच 5.5 बिलियन डॉलर (करीब 46 हजार करोड़ रुपए) में 5 यूनिट स-400 मिसाइल सिस्टम देने की डील की थी। इसमें से 3 यूनिट रूस दे चुका है।

## प्रियंका का पीएम मोदी पर पलटवार

# मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश पर कुर्बान हुआ, दादी ने युद्ध में दिया सोना

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान हुआ है। बेंगलुरु में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि देश की आजादी के बाद से 55 साल तक कांग्रेस की सरकार रही लेकिन तब किसी ने किसी का सोना, मंगलसूत्र नहीं छीना। हाल ही में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि देश की संपत्ति को लूटने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझने वाली कांग्रेस की नजर अब महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। अलीगढ़ और हाथरस लोकसभा सीटों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने पहुंचे मोदी ने सोमवार को कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है और आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी, धन, मकान है उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं इन संपत्तियों को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। ये उनका मेनीफेस्टो कह रहा है। हमारी माताओं बहनों के पास सोना होता है। मंगलसूत्र पर भी उनकी नजर है। अब पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, पिछले 2 दिनों से कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी आपसे आपका मंगलसूत्र और आपका सोना छीनना चाहती है। देश को आजाद हुए 70 साल हो गए और 55 साल कांग्रेस की सरकार रही। क्या किसी ने आपका सोना, मंगलसूत्र छीन लिया? युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया। मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान हुआ है...सच्चाई यह है कि ये लोग महिलाओं के संघर्ष को नहीं समझ सकते। इससे पहले दिन में कर्नाटक के ही चित्रदुर्ग में सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता छोड़ दी है, वह लोगों के सामने नाटक करते हैं और सत्य के पथ पर नहीं चलते हैं।



# आंध्रप्रदेश के टीडीपी कैंडिडेट के पास 5785 करोड़ की संपत्ति

### इस चुनाव में सबसे अमीर उम्मीदवार बन सकते हैं; डॉक्टर-आंत्रप्रेन्योर-राजनेता हैं चंद्रशेखर



अमरावती। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से तेलुगु देशम पार्टी के कैंडिडेट चंद्रशेखर ने चुनावी हलफनामे में 5 हजार 785 करोड़ की संपत्ति बताई है। चंद्रशेखर, एक डॉक्टर, आंत्रप्रेन्योर और राजनेता हैं। चंद्रशेखर इस चुनाव में सबसे अमीर कैंडिडेट्स हो सकते हैं। चंद्रशेखर के चुनावी हलफनामे के मुताबिक, उनकी खुद की संपत्ति 2448.72 करोड़, पत्नी श्रीरत्ना कोनेरू की प्रॉपर्टी 2343.78 करोड़ और बच्चों की संपत्ति करीब 1 हजार करोड़ रुपए है। चंद्रशेखर के परिवार पर अमेरिका के जेपी मॉर्गन चेस बैंक की 1,138 करोड़ रुपए की देनदारी है।

इससे पहले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने लोकसभा चुनाव के पहले फेज (19 अप्रैल) में छिंदवाड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार और कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को सबसे अमीर कैंडिडेट बताया था। नकुलनाथ के पास 717 करोड़ के आसपास की संपत्ति बताई गई थी।

### 1999 में एमबीबीएस तो 2005 में पेंसिलवेनिया से एमडी किया

चंद्रशेखर जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी सिनाई हॉस्पिटल में फिजीशियन टीचर हैं। उन्होंने 1999 में विजयवाड़ा की एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस से एमबीबीएस किया। 2005 में पेंसिलवेनिया के डेनविल स्थित जीसिंगर मेडिकल सेंटर से एमडी किया। चंद्रशेखर आंध्र प्रदेश के बरीपालेम गांव के हैं। वे पढ़ने में काफी तेज थे। एमबीबीएस एन्ट्रेंस टेस्ट EAMCET में उनकी 27वीं रैंक थी, जिसमें 60 हजार बच्चे शामिल हुए थे। EAMCET भारत के कठिन एग्जाम्स में से एक माना जाता है।

## समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढायेंगे भारत और ओमान

नयी दिल्ली। भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को यहां पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

# दवाओं के 'भ्रामक' विज्ञापन : सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के साथ ही आईएमए पर भी उठाए सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दवाओं के %भ्रामक% मामले में पतंजलि आयुर्वेद के साथ-साथ इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) पर भी सवाल उठाए हैं और उसे अपने अंदर भी झांकने की नसीहत दी है।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अदालती अवमानना मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से माफीनामे से संबंधित विज्ञापन को उनके कथित भ्रामक विज्ञापन के आकार से जोड़ते हुए सवार पूछे।

पीठ ने पतंजलि के खिलाफ इस मामले के याचिकाकर्ता आईएमए को



भी खुद के अंदर झांकने की नसीहत दी और इसके अपने सदस्यों के लिए अत्यधिक महंगी और विदेशी दवाओं को निर्धारित करने की अनैतिक गतिविधियों पर भी विचार किया।

शीर्ष अदालत ने बड़ी संख्या में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियों को जांच के दायरे में लेने का फैसला किया और कहा कि वे भ्रामक विज्ञापनों के जरिए शिशुओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य उपभोक्ताओं को कथित तौर पर धोखा दे रही हैं।

शीर्ष अदालत ने एफएमसीजी कंपनियों द्वारा जारी विज्ञापनों पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से से भी कई सवाल भी पूछे।

अदालत ने केंद्र सरकार से 2018 से (एफएमसीजी कंपनियों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों के लिए) सूचना और प्रसारण मंत्रालय और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाईयों के बारे में बताते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं... हम यहां किसी खास (पक्षकार) का पक्ष नहीं लेने आए हैं। हम जानना चाहते हैं कि एजेंसियां कैसे काम कर रही हैं... हमें लगता है कि यह कानून के शासन की प्रक्रिया का हिस्सा है। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, बलबीर सिंह और प्रस्तावित अवमाननाकर्ताओं की ओर से पेश अन्य अधिवक्ताओं (बाबा रामदेव और अन्य) ने कहा कि उन्होंने इस मामले में देशभर के 67 अखबारों में बिना शर्त माफी मांगने के लिए एक विज्ञापन जारी किया है।

इस पर पीठ ने उनसे पूछा कि क्या यह माफी (वाला विज्ञापन) भ्रामक विज्ञापनों के बराबर है? इसके बाद उन्हें विज्ञापन से संबंधित मूल समाचार पत्र दाखिल करने की अनुमति दी गई।

शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से (केंद्र सरकार से) यह भी पूछा कि उसने 29 अगस्त 2023 को सभी राज्यों के लाइसेंसिंग प्राधिकारी को एक पत्र क्यों जारी किया है?

## सड़क हादसा

### कन्नौज में डिवाइडर तोड़कर रॉन्ग साइड पहुंची, फिर ट्रक से टकराई; 36 घायल

# 40 यात्रियों से भरी बस की टक्कर, 4 लोगो की हुई मौत

कन्नौज। कन्नौज में 40 यात्रियों से भरी बस डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस ड्राइवर समेत 4 की मौत हो गई। जबकि 36 लोग घायल हो गए। बस सवारियों को लेकर गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी।

हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर इनायतपुर गांव के पास हुआ। स्लीपर बस की स्पीड तेज थी। इस दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई। उसने बस से अपना नियंत्रण खो दिया। इसके बाद बस डिवाइडर से टकराती हुई रॉन्ग साइड पहुंच गई, तभी सामने से आ रहा ट्रक बस में भिड़ गया। प्राइवेट स्लीपर बस गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी।



### मरने वालों में 1 महिला और 3 पुरुष

हादसे की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां



डॉक्टरों ने 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में 1 महिला और 3 पुरुष हैं। सिर्फ बस ड्राइवर नीलकंठ की पहचान हुई है।

### धमाका हुआ, फिर कई सवारियां आकर ऊपर गिरीं

संतकबीरनगर के रहने वाले शंकर दीन यादव ने बताया कि मैं बस की 6 नंबर सीट पर सोते रहा था, तभी अचानक तेज धमाका हुआ और उनकी नींद खुल गई। हालत ये थी कि 6 नंबर की सीट खिसक कर ड्राइवर सीट के पास पहुंच गई। कई सवारियां ऊपर आकर गिर गईं। मैं किसी तरह से बच गया। बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया।

### रास्ते में 2-3 जगहों पर डगमगाई थी बस

संतकबीरनगर के रहने वाले पवन सैनी ने बताया कि रास्ते में 2-3 जगहों पर बस डगमगाई। लगा कि ड्राइवर नशे में बस चला रहा है। बस में ऑनलाइन सीट बुक कराई थीं, इसलिए बस भी नहीं बदल सकते हैं। दिल्ली के रहने वाले गोविंद ने बताया कि ड्राइवर ने 1 बजे के एक ढाबे पर बस रोकी थी। जहां सवारियों ने नाश्ता-पानी किया। वहीं पर ड्राइवर ने शराब पी और फिर बस लेकर आगे बढ़ गया। हादसे के वक्त हम सब सो रहे थे।

एएसपी संसार सिंह ने बताया कि ट्रक आलू लादकर लखनऊ जा रहा था। बस गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। हादसे में 4 की मौत हुई है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया था। पुलिस ने क्रेन से ट्रक और बस को हटवाया। इसके बाद गाड़ियों की आवाजाही शुरू हुई।

# तेलंगाना में 8 साल से बन रहा ब्रिज ढहा

### तेज हवा से कॉन्क्रीट के दो गर्डर गिरे; एक मिनट पहले 65 लोगों को लेकर निकली थी बस

हैदराबाद। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में 8 साल से बन रहा ब्रिज का एक हिस्सा सोमवार रात ढह गया। इलाके में तेज हवा चलने से करीब 100 फीट की दूरी पर स्थित दो खंभों के बीच के पांच में से दो कॉन्क्रीट गर्डर रात करीब 9.45 बजे ढह गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बचे हुए तीन गर्डर की जो स्थिति है, उसे देखकर लगता है कि वो भी बहुत ज्यादा दिन नहीं टिकेंगे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना से एक मिनट पहले बारात को ले जा रही एक बस यहां से गुजरी थी। इसमें 65 लोग सवार थे।

### 2016 में हुआ था उद्घाटन

मनैर नदी पर लगभग एक किलोमीटर लंबे इस पुल का उद्घाटन



2016 में तेलंगाना के तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष एस मधुसूदन चारी और स्थानीय विधायक पुट्टा मधु ने किया था। इसके लिए लगभग 49 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे।

### तीन शहरों को जोड़ेगा यह ब्रिज

स्थानीय लोगों ने बताया कि ब्रिज का काम एक साल में ही पूरा हो जाना था, लेकिन आज तक नहीं हुआ। ब्रिज का काम पूरा होता तो इससे तीन शहर मंथनी, परकल और जम्मीकुंटा के बीच की दूरी करीब 50 किमी कम हो जाती। यह पुल भूपालपल्ली में तेकुमातला मंडल में गार्मिलापल्लू को पेद्दापल्ली में ओडेडेडु से जोड़ने के लिए था।

### एक-दो साल के अंदर काम बंद हुआ

स्थानीय लोगों ने कहा कि ठेकेदार ने कथित तौर पर एक या दो साल के भीतर काम बंद कर दिया था। चर्चा है कि उस पर कमीशन का दबाव था। इसके अलावा सरकार उसका बकाया भुगतान नहीं कर रही थी। ठेकेदार ने वेमुलावाड़ा में भी एक पुल बनाया था जो 2021 में भारी बारिश के दौरान बह गया था।

नई दिल्ली
बुधवार 24 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सिद्दारमैया ने नेहा के परिजनों से की मुलाकात , न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

हुबली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने छात्रा नेहा हिरेमत के शोक संतप्त परिवार से मंगलवार को मुलाकात की और हत्या मामले में त्वरित न्याय का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) प्रथम वर्ष की 23 वर्षीय छात्रा नेहा हिरेमत की पिछले गुरुवार को बीवीबी कॉलेज के परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। नेहा के पिता एवं हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमत के साथ फोन पर बातचीत में सिद्दारमैया ने गहरा शोक व्यक्त किया और परिवार को पूरा समर्थन देने का वादा किया। उन्होंने श्री हीरेमत को हत्या के मामले को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंपने और मुकदमे की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक विशेष अदालत स्थापित करने के सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया। सिद्दारमैया ने हिरेमत से कहा, निरंजन...बहुत खेद है। हम आपके साथ हैं...यह एक गंभीर अपराध है...एक विशेष अदालत स्थापित करके हम आरोपी व्यक्ति के लिए सजा सुनिश्चित करेंगे। हिरमेत ने सिद्दारमैया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस कठिन समय में समर्थन के लिए अन्य राजनीतिक नेताओं को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने निष्पक्ष और त्वरित जांच के महत्व पर जोर देते हुए अपनी पुत्री की दुखद मौत पर सरकार की त्वरित प्रतिक्रिया को स्वीकार किया।

### ओडिशा एसटीएफ ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.100 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधत ब्राउन शुगर (हेरोइन) बरामद की है। एसटीएफ सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सोमवार सुबह तलचेर में अंगुल जिला पुलिस की मदद से भुवनेश्वर एसटीएफ की एक टीम ने छापेमारी की थी। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान पश्चिम बंगाल के रकीबुल सेख और ओडिशा के अंगुल जिले के तलचेर निवासी विजय वीरवर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दोनों तस्करों के कब्जे से 1.100 किलोग्राम (1120 ग्राम) से अधिक प्रतिबंधित हेरोइन बरामद की गयी। दोनों तस्करों को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष. न्यायाधीश तलचेर के अदालत में भेज दिया गया है। एसटीएफ ने उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम 1985 की धारा 21(सी)/29 के तहत मामला दर्ज किया है।

### चेक बाउंस मामले में दोषी को तीन माह कैद के साथ आठ लाख रु जुर्माना

गुरुग्राम (हरियाणा)। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने मंगलवार निचली अदालत के चेक बाउंस के मामले की अपील की सुनवाई करते हुए सजा के आदेश को बरकरार रखते हुये दोषी को तीन माह की सजा के साथ आठ लाख रुपए जुर्माने का भुगतान सावित्री तंवर को करने के आदेश दिये हैं। हालांकि दोषी प्रेमलता एक लाख 60 हजार रुपये का भुगतान पहले ही सावित्री तंवर को कर चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर 2016 को प्रेमलता एवं उसके पति ने सावित्री तंवर से कारोबार चलाने के लिये आठ लाख रुपये लिये थे और पांच लाख 50 हजार रुपये का चेक भी प्रेमलता ने सावित्री तंवर को दिया था, जो कि बैंक से क्लीयर नहीं हो सका। सावित्री तंवर ने उसके खिलाफ अदालत में केस दायर कर दिया था। तत्कालीन ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विवेक तोमर की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुये 30 अगस्त 2019 को प्रेमलता को दोषी करार देते हुये तीन माह की कैद के साथ आठ लाख रु जुर्माने की सजा सुनाई थी। प्रेमलता ने निचली अदालत के आदेश को उच्च अदालत में चुनौती दी थी।

### फतेहाबाद में तेज बारिश, मंडियों में गेहूं भीगी

फतेहाबाद। हरियाणा में फतेहाबाद जिला के टोहाना, रतिया और जाखल इलाके में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे एक ओर जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं मंडियों में पड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से भीग गयी। प्रशासन और खरीद एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक फतेहाबाद में आज सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। फतेहाबाद में आसमान में काले बादल छा गये, मगर तेज हवाओं के कारण बादल बिना बरसे कुछ ही देर में छंट गये। रतिया, टोहाना और जाखल में मौसम के बदले मिजाज से बरसात हुयी। तेज हवाओं के साथ कुछ ही मिनट हुयी, बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। अचानक हुई बरसात के कारण मंडियों में पड़ा गेहूं पूरी तरह से भीग गया। मौसम इतनी तेज से बदला कि किसानों और व्यापारियों को फसल को ढकने तक का मौका नहीं मिला। मंडी में अनाज से भरे बैग, खुले में पड़ा गेहूं और सरसों की फसल भीग गयी। मंडी में अपनी फसल लेकर आये किसानों ने खरीद एजेंसियों को प्रशासन को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है।

### मुसलमानों के हित के लिए लोग सिर्फ बोलते हैं, मैंने करके दिखाया : नीतीश

पूर्णिया/किशनगंज । बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पिछड़ा-अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों के हितैषी होने का दावा करने वाले विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि लोग मुसलमानों के कल्याण की केवल बातें करते हैं लेकिन उन्होंने कर के दिखाया है। कुमार ने किशनगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के पक्ष में मंगलवार को बेलवा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, मुसलमानों के लिए लोग केवल बोलते हैं लेकिन मैंने करके दिखाया है। इस समाज के लिए मेरी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई, जिसका लाभ लोगों को मिला है। इसे आपलोग भूलिएगा मत, हम आगे भी ऐसे ही काम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की पूर्ववर्ती सरकारों ने न तो मदरसों को सरकारी मान्यता दिलाई और न ही मदरसे के शिक्षकों के लिए कुछ किया। वर्ष 2005 में उनकी सरकार बनने के बाद से मदरसों को मान्यता दी गई और मदरसा शिक्षकों का वेतन सरकारी शिक्षकों के वेतन के बराबर कर दिया गया। साथ ही उनके कार्यकाल में ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी भी कराई गई। कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार पर निशाना साधा और कहा कि वर्ष 2005 से पहले राज्य की क्या स्थिति थी सबको पता है, लोग शाम को घर से बाहर निकलने में डरते थे।

### एटीएम लूट कांड का एक आरोपी गिरफ्तार

अलवर । राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले अंतर्गत ततारपुर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व इस्माइलपुर रोड़ से हुई एटीएम लूट कांड का खुलासा करते हुये पुलिस ने मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी ने बताया कि गत शनिवार को हुई इस घटना में पुलिस ने नीमका थाना बिछोर जिला नूह मेवात हरियाणा निवासी सलीम उर्फ़ पहलवान को साढ़े तीन लाख रुपये सहित गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में पांच बदमाश शामिल हैं, जिन्हें चिह्नित कर लिया गया है और शीघ्र ही अन्य आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जायेगी। इस एटीएम में 27 लाख रुपये रखे हुये थे। घटना के तुरंत बाद पुलिस की अलग अलग एक्सपर्ट की पांच टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज चेक करने के निर्देश के तहत सफलता मिली। इस कार्य में जयपुर ग्रामीण, अलवर, भिवाड़ी और अन्य थानों की सूचना एकत्रित करते हुये शातिर बदमाश को पकड़ा गया। इसने अपना नाम पता नीमका थाना बिछोर जिला नूह मेवात हरियाणा निवासी सलीम उर्फ़ पहलवान बताया है। घटना में पांच आरोपी शामिल रहे हैं, जिनकी पहचान कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि सभी पांच पांच आरोपी अलग-अलग गिरोह से हैं। गिरफ्तार आरोपी सलीम नाम के खिलाफ चोरी डकैती सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट और अन्य मामलों में सात मुकदमे दर्ज हैं, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं।

# स्क्रैप माफिया रवि काना महिला मित्र संग थाईलैंड में गिरफ्तार

**लंबे समय से नोएडा पुलिस कर रही थी तलाश, इंडिया लाने की कार्यवाही शुरू**

**गौतम बुद्ध नगर।** गैंगरेप और गैंगस्टर के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्क्रैप माफिया रवि काना को गिरफ्तार किया गया है। रवि काना के साथ उसकी महिला मित्र काजल झा को भी पुलिस ने थाईलैंड से अरेस्ट किया है। अब उसको बहुत जल्द इंडिया लाया जाएगा। जनवरी में बीटा 2 पुलिस द्वारा रवि काना और उसके गिरोहों के 15 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी और उससे पहले नोएडा के थाना सेक्टर 39 में रवि काना और उसके सहयोगियों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था।

लंबे समय से पुलिस रवि की तलाश कर रही है। रवि के गिरोह के काफी सदस्य और उसकी पत्नी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुके हैं, लेकिन रवि व उसकी महिला मित्र लगातार फरार चल रहे थे।

पुलिस को पहले ही शक था कि वह देश छोड़कर कहीं भाग चुका है। इसी को लेकर उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। नोएडा पुलिस इस मामले में थाईलैंड पुलिस के संपर्क में भी थी। उसी कड़ी में थाईलैंड पुलिस ने रवि काना और




उसकी महिला मित्र काजल झा को गिरफ्तार कर लिया है। अब इस मामले में पुलिस और अन्य एजेंनिसियो के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है और रवि काना और उसकी सहयोगी को देश लाने की कार्रवाई की जाएगी। स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके गैंग के खिलाफ 500 पन्नों की चार्जशीट नोएडा पुलिस ने गौतमबुद्ध नगर कोर्ट में दाखिल की है। नोएडा पुलिस ने चार्जशीट दाखिल करते हुए रवि काना को काले कारोबार का सरगना बताया है।

इसके अलावा काजल झा को काले कारोबार में बराबर का हिस्सेदार बताया गया है। पुलिस ने काले कारोबार का पूरा चिट्ठा कोर्ट के सामने पेश किया है।

रवि काना हरेंद्र प्रधान दादुपुर का छोटा भाई है। हरेंद्र प्रधान की हत्या वर्ष 2015 में सुंदर भाटी ने करवाई थी। हरेंद्र नागर हत्याकांड गौतमबुद्ध नगर के चर्चित हत्याकांड में शामिल है। हरेंद्र नागर की हत्या होने के बाद स्क्रैप और सरिया तस्करी का सारा काम रवि काना ने संभाल लिया। हरेंद्र प्रधान हत्याकांड के बाद रवि काना ने अपनी जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी और सरकार ने रवि काना को पुलिस सुरक्षा दी।

सुरक्षा मिलने के बाद रवि ने इसका दुरुपयोग किया। रवि काना ने स्क्रैप माफिया और तस्करी के लिए पुलिस सुरक्षा का इस्तेमाल किया था। रवि के अलावा उसकी भाभी यानी कि हरेंद्र नागर की बीवी बेवन नागर और भाई राजकुमार नागर को भी पुलिस सुरक्षा मिली।

हालांकि, रेप का मुकदमा दर्ज होने से करीब 6 महीने पहले रवि काना की पुलिस सुरक्षा हटा ली गई थी। रवि काना और उसके गिरोह के सदस्यों की करीब 200 करोड रुपए से ज्यादा की संपत्ति को पुलिस के द्वारा कुर्क कर लिया गया है।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने प्राधिकरण के सीईओ को किया तलब

**ग्रेटर नोएडा।** राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेश का पालन नहीं करने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ को दो मई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा है। आदेश का पालन कराने के लिए वादी महेश मित्रा ने आयोग में गुहार लगाई थी। आयोग ने कहा कि पूर्व सीईओ के तबादले के बाद आदेश के पालन का उत्तरदायित्व वर्तमान पद पर पदस्थ अधिकारी का है। वर्तमान में पद पर तैनात अधिकारी पालन के लिए उत्तरदायी हैं। आयोग ने सीईओ रवि कुमार एनजी को धारा 251 दंड प्रक्रिया संहिता का नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस दिया है। अहम है कि राज्य उपभोक्ता आयोग ने महेश मित्रा के मामले में सुनवाई के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को दो माह में 1000 वर्ग मीटर से 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का भूखंड पूर्व नियमों एवं शर्तों पर आवंटित करने का आदेश दिया था। लेकिन अभी तक ग्रेनो प्राधिकरण से इसका पालन नहीं किया है। अहम है कि इसी मामले में 7 जनवरी को हुई सुनवाई में राज्य उपभोक्ता आयोग ने ग्रेनो प्राधिकरण के तत्कालीन सीईओ को दोषी माना था।

# हिस्ट्रीशीटर भाइयों के बीच चली गोलियां

▸ दोनों पक्षों के 4 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास करने का मामला दर्ज, संपत्ति को लेकर था विवाद

नोएडा। संपत्ति को लेकर हुए विवाद में बसई गांव स्थित अशोका होटल में सोमवार दोपहर गैंगस्टर भाइयों के बीच कहासुनी के बाद गैंगवार हो गई। दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग की गई। गनीमत रही कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। सूचना पर पुलिस के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के कुल चार लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दोनों पक्ष का आपराधिक इतिहास है।

फेज तीन थाने में दर्ज कराई शिकायत में उप निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि सोमवार को अपने साथियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मोबाइल पर उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र के अशोका होटल पर दो पक्षों में गैंगवार चल रही है। ये लोग एक दूसरे की हत्या करने की नीयत से ताबड़तोड़ गोली चला रहे हैं।

सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी ने पुलिस बल के साथ वहां पर छापा मारा। जब पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे के ऊपर हत्या के नियत से ताबड़तोड़ गोली चल रहे बदमाशों को ललकारा तो सभी वहां से भाग गए।

घटनास्थल पर पुलिस को कई कारतूस मिला है। जिस समय पुलिस पहुंची एक पक्ष के आजाद यादव और सुरेंद्र और दूसरे पक्ष के राकेश यादव और तय्यूब एक दूसरे पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर रहे थे। होटल के गेट पर अभी भी गोलियों के निशान हैं। पुलिस ने आरोपियों से आत्मसमर्पण करने के लिए भी कहा पर वह नहीं माने। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में विवाद संपत्ति को लेकर हुआ है।

आरोपी आजाद यादव के पिता अशोक यादव के खिलाफ पूर्व में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे नोएडा और गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों में दर्ज हैं। गाजियाबाद कचहरी में हुए एक हत्याकांड में भी वह आरोपी है।

अशोक यादव गाजियाबाद से पुलिस अभिरक्षा से भी फरार हो गया था। मौजूदा समय में वह बीमार हालत में है। उसकी दोनों किडनी खराब हो गई है। दूसरा आरोपी राकेश यादव अशोक यादव का सगा भाई है। इसका भी आपराधिक इतिहास है।

## चुनाव में हार-जीत के विवाद में हुई मारपीट में घायल भाजपा समर्थक ने तोड़ा दम

दादरी। लोकसभा चुनाव में हार-जीत के विवाद में सपा समर्थकों की पिटाई से घायल भाजपा समर्थक ने सोमवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। भाजपा समर्थक बंबावड़ गांव निवासी फिरे उर्फ धीरेंद्र सिंह की मौत के बाद माहौल संवेदनशील हो गया। अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को गांव में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। जिसमें मांगेराम और दर्शन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बंबावड़ गांव में फिरे उर्फ धीरेंद्र सिंह परिवार के साथ रहते थे। वह भाजपा समर्थक थे। वहीं गांव निवासी दर्शन और मांगेराम समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं। 15 अप्रैल की शाम को धीरेंद्र की दर्शन समेत अन्य से लोकसभा चुनाव में हार-जीत को लेकर बहस हो गई थी। दोनों पक्ष में हुई बहस ने तूल पकड़ लिया। विवाद बढ़ने पर दर्शन पक्ष ने धीरेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल धीरेंद्र को कस्बे के ही रेलवे रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दर्शन, मांगेराम, आजाद और रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। मामले में मांगेराम और दर्शन को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि जबकि आजाद व रोहित फरार हो गए थे।

# नोएडा में बदला मौसम, दिन में छाया अंधेरा

**तेज आंधी के साथ बारिश , आज भी छाएंगें बादल**

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम ने करवट बदल ली है। शाम के वक्त रात के जैसा अंधेरा छा गया और फिर कई हिस्सों में बारिश हुई है। इससे पहले सुबह और दोपहर के वक्त मौसम सामान्य था। दोपहर में पिछले कुछ दिनों की तरह आज भी धूप भी तेज थी। लेकिन अचानक नोएडा में मौसम का मिजाज बदला और आसमान में बादल छा गए। पहले पीले रंग का मौसम हो गया। जिसके बाद धूल भरी आंधी चली। इसके बाद



हलकी बारिश होने लगी। आसमान में बादल भी गरज रहे थे।

इस दौरान नोएडा में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को भी हल्के बादल छाए रहेंगे। इसके बाद मौसम साफ होगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री तक रहेगा। इसके बाद आने वाले दिनों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। 26 अप्रैल को यहां तापमान 40 डिग्री तक जाएगा। फिलहाल मौसम बदलने से लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। तेज हवा और बारिश से यहां पेड़ों में लगे कीड़े भी हट गए। जिससे लोगों को राहत मिली।

### 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं

मौसम विभाग के अनुसार एनसीआर के अलग-अलग जगहों पर 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। नोएडा में हवा की रफ्तार भी 50 से 70 किमी प्रतिघंटा रही। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। हालांकि अब तक कही से पेड़ गिरने या किसी प्रकार की अनहोनी की जानकारी नहीं मिली है।

# बिल्डर पर एक्शन के लिए शासन को भेजी रिपोर्ट

**नोएडा में अब तक 15 बिल्डर ने जमा कराए सिर्फ 125 करोड़**



नोएडा। फ्लैट खरीदारों की सहूलियत के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू हुए चार महीने का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक मात्र 15 परियोजनाओं के बिल्डर ही पैसा जमा करने के लिए आगे आए हैं। करीब 27 बिल्डरों ने पैसा जमा नहीं किया है। ऐसे में अब बिल्डरों पर सख्ती की तैयारी है।

नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इसके साथ ही यह भी पूछा है कि जो बिल्डर पैसे जमा करने को आगे नहीं आ रहे हैं, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए। बता दें यही इस बार का सबसे बड़ा स्थानीय चुनावी मुद्दा है। रजिस्ट्री को लेकर ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बायर्स ने नो रजिस्ट्री नो वोट का कैंपेन में चला रखा है। हालांकि यहां हम सिर्फ नोएडा की बात करने जा रहे है।

### 57 में 42 ने दी सहमति सिर्फ 15 बिल्डरों ने जमा कराए 125 करोड़

यूपी कैबिनेट की मंजूरी के बाद अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को 21 दिसंबर 2023 को लागू कर दिया गया था। नोएडा में 57 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका किसी न्यायालय या किसी तरह का विवाद नहीं है। उसी दौरान इन परियोजनाओं के बिल्डरों के साथ सीईओ ने बैठक की थी। अधिकारियों ने बताया कि 57 में से 42 बिल्डरों ने इस सुविधा का फायदा लेने को सहमति दी थी।

इन 42 में से 15 बिल्डरों ने अभी तक कुल बकाए में से 25 प्रतिशत धनराशि जमा कर दी है। इन बिल्डरों के जरिए 125 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं, जबकि 27 बिल्डरों ने अभी तक कोई पैसा जमा नहीं किया है। पैसा जमा करने को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने करीब 15 दिन पहले डिफॉल्ट बिल्डर और क्रेडाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी।

### प्राधिकरण ने शासन को भेजी रिपोर्ट

इसमें सीईओ ने बिल्डरों को अल्टीमेटम दिया था कि 12 अप्रैल तक बकाया जमा कर दें, लेकिन कोई बिल्डर पैसे जमा करने के लिए अभी तक आगे नहीं आया। हालांकि, उसी दिन बैठक में सीईओ के सामने बिल्डरों ने 12 मई तक बकाया जमा करने की छूट मांगी थी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक कितने बिल्डरों ने कितना-कितना पैसा जमा कराया है, कितने फ्लैट की रजिस्ट्री होनी प्रस्तावित है और कितनी हो चुकी है समेत अन्य बिन्दुओं पर पूरी स्टेटस रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई है। इसके अलावा जो बिल्डर पैसा जमा करने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। इसको लेकर भी शासन से मार्गदर्शन मांगा है। अधिकारियों ने बताया कि कुल बकाए में से 15 परियोजनाओं के बिल्डरों ने 25 प्रतिशत राशि जमा की है। इसके अलावा चार परियोजनाओं के बिल्डरों ने बकाए में कुछ पैसा जमा किया है।

# सेल्समैन की हत्या करने वाले बदमाश से पुलिस मुठभेड़

**बदमाश हुआ घायल, शराब न देने पर की थी हत्या, 25000 का इनाम तक घोषित**

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में शराब ठेके के सेल्समैन की हत्या के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश से बिसरख थाना पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायल बदमाश ने 31 मार्च को अपने साथियों के साथ मिलकर सेल्समैन की हत्या कर दी थी। उसके साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

दरअसल, सोमवार रात्रि में थाना बिसरख पुलिस द्वारा एक मूर्ति चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर गैलेक्सी वेगा गोलचक्कर की तरफ से आ रहा था। जिसको रुकने का इशारा किया गया, जो नहीं रुका और तेजी से कट मारकर सर्विस रोड पर चार मूर्ति की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ भागने लगा।

बदमाश होने के शक पर पीछा किया गया तो बाइक सवार युवक द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से अवैध असलहा से फायर कर दिया। आगे से पुलिस टीम को आता देख बाइक सवार बदमाश मोटर साइकिल छोड़कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए भगाने लगा । पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ हेतु जवाबी फायरिंग की गई। जिसमें बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश की पहचान नाजिम निवासी ग्राम खरदोनी शेखपुर थाना इंचोली जिला मेरठ के रूप में हुई। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घायल बदमाश के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

## विश्व-स्तर की शिक्षा व सेवा प्रदान करना एम्स संस्थानों की बड़ी उपलब्धि : द्रौपदी मुर्मू

ऋषिकेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) चतुर्थ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व-स्तर की शिक्षा और सेवा प्रदान करना एम्स, ऋषिकेश सहित, सभी अन्य एम्स संस्थानों की एक बहुत बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि है। शैक्षिक (टीचिंग) हॉस्पिटल्स के रूप में एम्स संस्थानों ने सर्वश्रेष्ठ मापदंड स्थापित किए हैं। इसके लिए मैं एम्स संस्थानों से जुड़े सभी लोगों की सराहना करती हूं। मुर्मू ने कहा, मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई है कि यहां के विद्यार्थियों में छात्राओं की कुल संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा,पिछले सप्ताह मेरी मुलाक़ात इंडियन इकोनॉमिक सर्विस के अधिकारियों के नए बैचेस से हुई थी। उन अधिकारियों में भी लगभग 60 प्रतिशत संख्या महिला अधिकारियों की थी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थ-व्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर, टेर्टियरी हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती हुई भागीदारी एक बहुत बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है। राष्ट्रपति ने कहा,बेटियों की भागीदारी और सफलता के लिए मैं, एम्स ऋषिकेश, सभी छात्राओं के परिवार-जनों और सभी बेटियों को विशेष बधाई देती हूं। यह भी एम्स, ऋषिकेश के लिए और पूरे समाज के लिए गर्व की बात है कि इस दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या, छात्रों से अधिक है। मुर्मू ने एम्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे देशवासियों के लिए इसका मतलब सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना होता है।

# उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर कवायद तेज

हरिद्वार। उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा को लेकर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा मोचन बल (यूएसडीएमए) ने विभिन्न विभागों के स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने और यात्रा के सुगम संचालन को लेकर कवायद तेज कर दी है।

चारधाम यात्रा को लेकर आगामी 30 अप्रैल को एनडीएमए की ओर से प्रस्तावित टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को लेकर मंगलवार को ऑरियंटेशन तथा को-आर्डिनेशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कांफ्रेंस में यात्रा मार्ग स्थित जिलों के जिलाधिकारी और आर्मी, आईटीबीपी के साथ ही 28 विभागों के 200 से अधिक अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कांफ्रेंस में



एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

साथ ही 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई 2024 को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज के उद्देश्यों के बारे में बताया।

मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन में आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, भारतीय सेना, आईटीबीपी, पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, लोक निर्माण विभाग, जीएमवीएन, वन, पर्यटन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देवस्थानम् बोर्ड आदि विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है और किसी आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर सामंजस्य हो, इसी उद्देश्य से टेबल टॉप एक्सरसाइज और मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यह एक्सरसाइज यात्रा मार्ग के सभी जिलों में होगी और खराब मौसम, बाढ़ तथा भूस्खलन, भूकंप, अग्निकांड, हिमस्खलन, बर्फबारी, भारी वर्षा, हेलीकॉप्टर तथा रोड एक्सीडेंट, भगदड़ आदि आपदाओं के दौरान विभिन्न विभाग किसी तरह से राहत और बचाव के कार्य करेंगे, इसकी तैयारी को मॉक एक्सरसाइज कर परखा जाएगा और यदि कहीं कोई तकनीकी या अन्य दिक्कत आएगी तो उसका तुरंत समाधान किया जाएगा ताकि यात्रा के दौरान कहीं किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे।

उन्होंने कहा कि इस एक्सरसाइज से यह जानना और समझना आसान हो जाएगा कि विभिन्न स्तरों पर सर्च एंड रेस्क्यू का प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, आर्मी तथा पुलिस बल की तैनाती, मौसम की निगरानी तथा चेतावनी, रिलीफ कैंपों की स्थिति, राहत और बचाव कार्य, भीड़ तथा ट्रैफिक प्रबंधन, संचार साधनों की वास्तविक स्थिति तथा विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय कैसा है।

उन्होंने किसी भी आपातकालीन स्थिति में आईआरएस यानी इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम की भूमिका के बारे में बताया।

## शार्ट न्यूज

### खरीदार पर लगा 5000 का जुर्माना

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की पीठ ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर एक शिकायतकर्ता पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। खरीदार लगातार शिकायत कर रहा था। जबकि दो शिकायत में खरीदार के पक्ष में आदेश आ चुका था। चौथी बार शिकायत करने पर पीठ ने अनुचित आचरण मानकर खरीदार पर कार्रवाई की है। ताकि फिर कोई ऐसा नहीं कर सके। यूपी रेरा ने पहली बार इस तरह की कार्रवाई की है। ग्रेनो वेस्ट में गौड़संस बिल्डर का कॉमर्शियल प्रोजेक्ट है। खरीदार ने यूपी रेरा में शिकायत की थी। खरीदार की पहली शिकायत पर यूपी रेरा की पीठ ने 29 अक्तूबर, 2020 को आदेश जारी किया था। जिस आदेश का पालन कर बिल्डर ने 7 फरवरी, 2021 को खरीदार को कब्जा दे दिया। जबकि 29 जुलाई, 2021 में खरीदार के नाम रजिस्ट्री करा दी। इसके बाद खरीदार ने यूपी रेरा के न्याय निर्णायक अधिकारी की पीठ में शिकायत की। उनकी पीठ ने बिल्डर को 50 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। यूपी रेरा के अफसरों ने बताया कि खरीदार ने तीसरी बार फिर शिकायत की। पिछली शिकायतों में न्याय मिलने को आधार मानकर जुलाई, 2022 में शिकायत को खारिज कर दिया गया, लेकिन खरीदार यहीं नहीं माना और अक्तूबर, 2023 में फिर शिकायत कर दी।

### ऑनलाइन मूक कोर्स से पढ़ाई का लाभ उठा सकते हैं 11वीं-12वीं के छात्र

नई दिल्ली। ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्र ऑनलाइन मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज (मूक) के माध्यम से पढ़ाई का लाभ ले सकते हैं। एनसीईआरटी ने स्वयं पोर्टल पर 11 विषयों के 28 कोर्सेज को ऑफर किया है। यह एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम पर आधारित हैं। पोर्टल पर ही छात्र ई सामग्री, ई-ट्यूटोरियल कर सकते हैं, वहीं चर्चा व स्व मूल्यांकन भी यहीं हो जाएगा। कोर्सेज में नामांकन करने की प्रक्रिया जारी है जो कि एक सितंबर को समाप्त होगी। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को छात्रों व शिक्षकों के बीच इनकी जानकारी प्रसारित करने को कहा है जिससे कि वह इन पाठ्यक्रमों से अधिकतम लाभ उठा सकें। सीबीएसई ने स्कूलों को कहा है कि जो छात्र इनका हिस्सा बनना चाहते हैं वह इनके लिए पंजीकरण कर सकते हैं। यह ऑनलाइन कोर्स छात्रों के लिए बिल्कुल फ्री हैं। एनसीईआरटी की ओर से पोर्टल पर जिन विषयों को ऑफर किया गया है उनमें एकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडी, बॉयोलॉजी, केमिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, जियोग्राफी, गणित, फिजिक्स, साइकोलॉजी, इंग्लिश, सोशियोलॉजी शामिल है। यह पाठ्यक्रम स्वयं पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं। यह ऑनलाइन पाठ्यक्रम वर्चुअल मोड में छात्रों की शिक्षा को जारी रखने का समर्थन करते हैं। सामग्री और विषयों तक पहुंचने के तरीकों को समझने के लिए शिक्षक और अभिभावक भी इन पाठ्यक्रमों में भाग ले सकते हैं।

### गाजियाबाद में कारोबारी की थाने से 900मी दूर गोली मारकर हत्या

**लोनी (गाजियाबाद)।** गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी थाने से करीब 900 मीटर की दूरी पर फरीदाबाद के कारोबारी भगवान (38) की कमर में गोली मारकर हत्या कर दी। वह लोनी में अपने रुपये लेने आए थे। उनको कॉल कर बुलाया था। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। फरीदाबाद में भगवान पत्नी संध्या और चार बच्चों के साथ रहते थे। वह फरीदाबाद में बिजली (डेकोरेशन) का काम करते थे। उनके भाई मंगल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उनका भाई घर से लोनी रुपये लेने के लिए गया था। भगवान ने दिल्ली के प्रगति मैदान में एक कार्यक्रम में लाइट लगाई थी। उस कार्यक्रम के रुपये बकाया थे। शनिवार सुबह भगवान को कॉल कर लोनी बुलाया था। उन्हें लोनी में करीब पांच लाख रुपये लेने थे। वह बाइक से लोनी आए। जिस व्यक्ति से रुपये लेने थे। उसके ऑफिस में बैठे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे भगवान का फोन घर पर आया था कि सुबह नौ बजे से बैठे हैं लेकिन व्यक्ति रुपये लेकर नहीं आया है। इसके बाद भगवान का फोन नहीं आया। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे लोनी पुलिस ने मंगल सिंह को फोन कर भगवान के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में पहुंचे। यहां आकर पता चला कि भगवान की कमर में गोली मार कर हत्या की गई है। भगवान की मौत की खबर सुनने के बाद परिवार में मातम पसर गया। संध्या ने अज्ञात बदमाशों पर गोली मारकर हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी।

### बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

गुरुग्राम। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की गुरुग्राम सिटी यूनिट के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता सिटी डिविजन के महरौली रोड स्थित कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान रविंद्र यादव ने की। मंच का संचालन सिटी यूनिट के कार्यकारी सचिव देवेंद्र कौशिक ने किया। सिटी यूनिट के फोरमैन बीएम ठाकुर ने बताया कि सिटी यूनिट के कार्यकारी अभियंता अविनाश यादव को कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों के बारे में एक मांग पत्र दिनांक 21 मार्च को दिया गया था। उसके पश्चात कर्मचारियों की मांगों को लेकर कई मुद्दों पर सहमति भी बन गई थी लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी उन मांगों को आज तक भी लागू नहीं किया गया। कुछ कर्मचारियों का तबादला हुआ था उसके पश्चात भी उन कर्मचारियों को इस अधिकारी ने उनके तबादले वाले स्थान पर नहीं भेजा। इस दौरान यूनियन ने कार्यकारी अभियंता से मुलाकात भी की लेकिन कार्यकारी अभियंता की तरफ से हमेशा टाल मटोल रवैया अपनाया जा रहा था जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ गया और कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता अविनाश यादव के कार्यालय में पहुंचकर रोष प्रदर्शन किया। प्रदेश उप प्रधान और गुड़गांव सर्किल के प्रभारी अनिल पहल और प्रदेश मुख्य सलाहकार मुकेश भयाना ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि यदि कार्यकारी अभियंता सिटी कर्मचारियों की मांगों को जमीनी स्तर पर लागू नहीं करते हैं, तो इसके खिलाफ अनिश्चित समय अवधि तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। रोष प्रदर्शन में सोहना यूनिट के वरिष्ठ उप प्रधान अश्विनी भयाना, सह सचिव रोहित डोगरा ,सिटी यूनिट से वरिष्ठ उप प्रधान अरुण, खजांची राजेंद्र गोहाना, सह सचिव जितेंद्र राघव आदि शामिल रहे।

# अदालत ने केजरीवाल, कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी।

राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदनी पार्टी नेता श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से संबंधित मामलों की विशेष जज काबेरी बावेजा ने आबकारी नीति से संबंधित मामले की आरोपियों में शामिल भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता और एक अन्य आरोपी चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया।

केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समन की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था।

उच्चतम न्यायालय ने आप नेता श्री केजरीवाल की अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर ईडी को 15 अप्रैल को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की शीर्ष अदालत की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी को नोटिस जारी किया था, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफ तौर पर ठुकरा दी थी।



शीर्ष अदालत मुख्यमंत्री केजरीवाला के मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने उससे पहले 24 अप्रैल तक ईडी को अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया था।

केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के एक दिन बाद उन्होंने 10 अप्रैल को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने नौ अप्रैल को ईडी की ओर से मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के एक विशेष अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए उनकी याचिका (मुख्यमंत्री केजरीवाल की) खारिज कर दी थी।

उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और उनकी हिरासत मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कहा था कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त अबकारी नीति को तैयार करने की साजिश शामिल थे। उन्होंने (आरोपी) उस अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल किया। एकल पीठ ने यह भी कहा था कि वह (केजरीवाल) व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे।

उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए केंद्रीय एजेंसी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह (उनकी गिरफ्तारी) लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाना चाहिए।

ईडी ने केजरीवाल पर दिल्ली आबकारी नीति के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने और पूरे मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाला %साजिशकर्ता% होने का आरोप लगाया है।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को अबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का एक मामला दर्ज किया था।

ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं - दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए साजिश रची थी।इस मामले में आप सांसद श्री सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को जमानत दे दी थी।

## दिल्ली में लाखों भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक बूथ स्तर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में सम्मलित हुए

### ओम प्रकाश धनखड़ राज नगर पार्ट 2 एवं वीरेन्द्र सचदेवा कनाट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सामूहिक पाठ में सम्मलित हुए





नई दिल्ली। श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिल्ली भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं ने 9745 बूथों पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ और आरती की।

आज शाम 6 बजे दिल्ली भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी श्री ओम प्रकाश धनखड़ हनुमान मंदिर, राजनगर, द्वारका में और प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा प्राचीन हनुमान मंदिर, कनाट प्लेस में कार्यकर्ताओं के साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ में सम्मलित हुए।

प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन राणा राउज एवेन्यू में, सांसद प्रत्याशी श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी छतरपुर में, श्री हर्ष मल्होत्रा मयूर विहार में, श्री योगेंद्र चंदोलिया विजय विहार में, श्री प्रवीण खंडेलवाल अशोक विहार फेज 2 में, श्रीमति कमलजीत सहरावत नंदा एंकलेव में, सुश्री बाँसुरी स्वराज शेख सराय फेज 2 में और कार्यक्रम संयोजक श्री दिनेश प्रताप सिंह अशोक विहार फेज 2 आदि सभी पदाधिकारी अपने गृह वार्डों में हनुमान चालीसा पाठ में सम्मलित हुए।

इस अवसर श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की श्री हनुमान जी सत्य, संकल्प, समर्पण, शक्ति एवं समृद्धि के प्रतिक हैं और उनकी पूजा इंसान को सफलता दायक है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली गत कुछ वर्षों से सरकारी भ्रष्टाचार से त्रस्त है और विकास ठप्प हो गया है और हमने आज का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ दिल्ली के विकास एवं समृद्धि की कामना से आयोजित किया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली एवं देशवासियों ने वह चेहरे देखें हैं जो 2022 तक राम मंदिर का विरोध करते थे और आज खुद को राम भक्त बताते हैं। दिल्ली वाले आगामी समय में ऐसे सभी दोहरे चरित्र के लोगों का हिसाब करेंगे। ओम प्रकाश धनखड़ ने धनखड़ ने देश व प्रदेशवासियों को हनुमान चालीसा की बधाई देते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान श्री राम के अटल भक्त थे। भगवान और भक्त के ऐसे भक्तिभाव और स्नेह पूर्ण अतुलनीय सम्बंध का उल्लेख या उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा। धनखड़ ने कहा कि आज राम भक्त हनुमान का गुणगान भी प्रभुराम की तरह हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता का देश के प्रति समर्पण भाव ऐसा ही है जैसा हनुमान जी का भक्तिभाव श्रीराम के प्रति हमने सुना और पढ़ा है।

## आख़िरकार जेल प्रशासन ने केजरीवाल को इन्सुलिन दी : आप

**देश की राजधानी के मुख्यमंत्री को एक इन्सुलिन के लिये भी अदालत जाना पड़ रहा है**

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि आख़िरकार जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बढ़ती हुई सुगर के लिए इन्सुलिन दी।

आप नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने केजरीवाल को तिहाड़ जेल इन्सुलिन देने के बाद एक्स पर कहा हनुमान जन्मोत्सव पर ख़ुशख़बरी।

ख़बर आ रही है अंततः जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री को बढ़ती हुई सुगर के लिए इन्सुलिन दी।

उन्होंने कहा आज देश की राजधानी के मुख्यमंत्री को एक इन्सुलिन के लिये भी अदालत जाना पड़ रहा है।

भाजपा और केंद्र सरकार के अधीन अधिकारी कहते हैं कि सभी क़ैदी एक समान हैं। क्या इन्सुलिन के लिये सभी



तिहाड़ के क़ैदी अदालत जाते हैं ? क्या सभी क़ैदियों को बीमारी की दवाई के लिए अदालत जाना पड़ता है ? क्या सभी क़ैदियों को इन्सुलिन के लिये एक हफ़्ता टेलीविजन और अख़बार में बहस करनी पड़ती है ?

आप नेता आतिशी ने कहा बजरंग बली की जय। हनुमान जयंती पर मिली ख़ुशख़बरी - तिहाड़ प्रशासन ने आख़िरकर अरविंद केजरीवाल जी को इन्सुलिन दी।

यह हनुमान जी के आशीर्वाद और दिल्ली वालों के संघर्ष का नतीजा है। इस संघर्ष के दौर में भी बजरंग बली का आशीर्वाद हम सब पर बना हुआ है।

## 100 अवैध मोटर ट्रेनिंग स्कूलो को नोटिस जारी

नोएडा। परिवहन विभाग ने 100 अवैध मोटर ट्रेनिंग स्कूलों को नोटिस जारी किया है। विभाग अब इनके खिलाफ कार्रवाई करेगा। फिलहाल इन्हें नोटिस के तौर पर अंतिम चेतावनी दी गई है। इसके बाद भी स्कूल संचालन बंद नहीं करते तो इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने 100 स्कूलों को चिह्नित किया है। ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यम से विभाग की ओर से नोटिस जारी किया जा रहा है। पूर्व में वैध स्कूलों का संचालन करने वाले संचालकों की ओर से अवैध स्कूलों के खिलाफ कोर्ट में शिकायत की गई थी।

इसके बाद कोर्ट के आदेश पर इनका प्रचार करने वाले जस्ट डायल पर एफआईआर दर्ज की गई थी। परिवहन विभाग की ओर से भी प्रचार करने वाली कंपनी को कई बार सचेत किया गया लेकिन कंपनी ने फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया। ऐसे में अब विभाग सीधे तौर पर इन स्कूलों पर कार्रवाई करेगा। विभागीय अधिकारियों की ओर से इन स्कूलों को गूगल के माध्यम से चिह्नित किया गया।

कई स्कूलों के पते मौजूद नहीं हैं उन स्कूलों को मेल कर इसकी जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा विभाग की प्रवर्तन टीम भी लगातार इन वाहनों पर लागातार कार्रवाई कर रही है। अहम है कि शासन से निर्देश मिलने के बाद विभाग ने मोटर ट्रेनिंग स्कूलों के संचालन को लेकर कई तरह की सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

## देश के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी जरूरी : डा. महेश शर्मा

**गौतमबुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर के दादरी विधानसभा के तिलपता गांव में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में दक्षिणी दिल्ली के सांसद श्री रमेश बिधूड़ी जी ने वोट मांगे। माननीय रमेश बिधूड़ी जी ने कहा कि आपके क्षेत्र में जो अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है वो माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डा. महेश शर्मा जी की देन है और आगे भी आप ऐसे ही विकास कार्यो की उम्मीद रखते है तो आप डा. महेश शर्मा जी को भारी मतों से विजयी बनाए। आज गौतमबुद्ध नगर का इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक स्तर का है जिसमें मेट्रो रेल की कनेक्टिविटी, हाईवे फ्लाईओवर, औद्योगिक क्षेत्र, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर, बिजली पानी की उपलब्धता शामिल है। जेवर हवाई अड्डा वही हवाई अड्डा है जिसे पुरानी सरकारों द्वारा कभी आगरा तो कभी सैफई ले जाने का प्रयास किया गया था। आज माननीय प्रधानमंत्री जी के



प्रयासों और हवाई अड्डे के निर्माण की अपने स्तर पर निगरानी की वजह से यह हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास की एक नयी परिभाषा लिखने जा रहा है। पिछले 10 वर्षो में गौतमबुद्ध नगर के विकास के लिए की गयी विभिन्न योजनाओं की एक लम्बी सूची है जिसमें से

### कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाएं इस प्रकार-

30 हजार करोड़ की लागत से जेवर इण्टरनेषनल एयरपोर्ट,

11 हजार करोड़ की लागत का टीएचडीसी पावर प्लांट,

11 हजार करोड़ की लागत से बने प्रमुख राजमार्ग ईर्स्टन पेरिफेरल से गौतमबुद्ध नगर की कनेक्टिविटी,

8 हजार करोड़ की लागत से बने मेरठ एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद-अलीगढ़ एक्सप्रेसवे से दादरी, सिंकदराबाद, खुर्जा की मुख्य सड़कों को जोड़ा जाना,

800 करोड़ की लागत से बहुप्रतीक्षित चिल्ला रेगुलेटर एलिवेटेड़ सड़क का निर्माण,

289 करोड़ की लागत से पं. दीनदयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान की स्थापना

400 करोड़ की लागत से नोएडा बॉटनिकल गार्डन का पुर्नविकास हुए है।

दूसरे चरण के मतदान होने में शेष दो दिन रह गये है ऐसे में रोडशो का कार्यक्रम रोषन लाल मित्तल की धर्मषाला दनकौर तिराहा से प्रारम्भ होते हुए सिकन्दराबाद के विजय द्वार -चौधरी वाडा -बड़ा बाजार-कबाडी बाजार पर समाप्त होगा इससें क्षेत्र के नागरिकों से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

इस मौके पर सतवीर गुर्जर, वीरेन्द्र डाढा, रामदेव सिंह रावल, बिजेन्द्र भाटी, वेदपाल भाटी, श्रीचंद शर्मा, हरीश चन्द भाटी, योगेन्द्र चौधरी, बलराज भाटी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार की जांच करेगी एसीबी

### अंकित श्रीवास्तव के खिलाफ सतर्कता विभाग (एसीबी) ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामला भेजा है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार अंकित श्रीवास्तव के खिलाफ सतर्कता विभाग (एसीबी) ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामला भेजा है। इसमें कहा गया है कि एसीबी मामले की जांच करें। सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राज शेखर ने एसीबी के संयुक्त आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अंकित श्रीवास्तव मौजूदा समय में भी दिल्ली जल बोर्ड के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य बने हुए हैं। वह ग्रुप में बोर्ड के अधिकारियों को आदेश व निर्देश दे रहे हैं, जबकि उन्हें सलाहकार के पद से हटा दिया गया है। वह मौजूदा समय में मुख्यमंत्री के आवास कैंप ऑफिस के नाम पर आदेश दे रहे हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मामले की जांच सीबीआई और ईडी कर रही है। इससे पहले बीती नौ अप्रैल 2024 को प्रदेश भाजपा ने दावा किया था कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय को जानकारी दी है कि जल बोर्ड के पास बीते नौ साल में 28,400 करोड़ रुपये का कोई हिसाब नहीं है। इसे बड़ा घोटाला करार देते हुए भाजपा ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। भाजपा विधायकों ने एक मंच से दिल्ली सरकार को घेरा था। पार्टी का आरोप था कि 2013 से जल बोर्ड में घोटालों का खेल शुरू हो गया था।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि एक तरफ दिल्ली की जल मंत्री आतिशी कहती है कि उन्हें पैसा नहीं दिया जा रहा है। वहीं, 2016-17 से अब तक जल बोर्ड के खाते का ऑडिट ही नहीं किया गया। सचदेवा ने कहा था कि नौ मार्च को आतिशी ने एक पत्र लिखा था। इससे खुलासा हुआ कि 59 फीसदी पानी से कोई रेवेन्यू नहीं आता और अतिरिक्त 15 फीसदी पानी के उपयोग पर कोई पारदर्शिता नहीं है।

दिल्ली जल बोर्ड में 74 फीसदी पानी का कोई हिसाब नहीं हो रहा। यानी सिर्फ 26 फीसदी पानी से ही पूरा जल बोर्ड चल रहा है। इतना ही नहीं 2021- 22 के तो खाते ही गायब हैं। दिल्ली जलबोर्ड केजरीवाल के भ्रष्टाचार का प्रमुख अड्डा बन चुका है। रिहायशी इलाकों में चार दिन पहले ही जल इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज बढ़ाया गया है।

16 अक्टूबर 2020 में 200 स्क्वायर मीटर में खर्च 2,15,200 रुपये था जो अब 3,44,320 रुपए हो गए हैं। इतना ही नहीं कॉमर्शियल प्रॉपर्टी 32,8800 रुपये से 516480 रुपये कर दिया गया। इस दौरान भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता, मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय महावर, अनिल वाजपेयी, जितेंद्र महाजन ने भी जल बोर्ड घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी।

### हेड कांस्टेबल को रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस थाना-शाहदरा के हेड कांस्टेबल और अन्य अज्ञात के खिलाफ एक शिकायत पर मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार हेड कांस्टेबल ने उसके घर के निर्बाध निर्माण की अनुमति देने के लिये शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद वह 20 हजार रुपये लेने पर राजी हो गया था। सीबीआई ने इस मामले पर कार्यवाई करने के लिये एक जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया।

## 'तिहाड़ जेल आज केजरीवाल के लिए बना यातना गृह' : संजय सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में गिरफ्तारी के बाद पहली बार इंसुलिन देने के बाद अब आम आदमी पार्टी लगातार ईडी, जेल प्रशासन और भाजपा पर निशाना साध रही हैं। आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दी जा चुकी हैं। जिसकी हम मांग कर रहे थे।

विज्ञापन

### पीएमओ और एलजी पर लगाया आरोप

उन्होंने सवाल करते हुए पूछा कि आखिर बीते 23 दिनों से उन्हें इंसुलिन क्यों नहीं दी गई थी। हम पूछना चाहते हैं कि क्या यह अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश थी। दिल्ली की तिहाड़ जेल अरविंद कजेरीवाल के लिए आज यातना गृह बन चुका है। 24 घंटे उन्हें पीएमओ और एलजी की निगरानी में रखा जा रहा है।

### तिहाड़ में मिली केजरीवाल को इंसुलिन

अरविंद केजरीवाल को बीती शाम दिल्ली की तिहाड़ जेल में इन्सुलिन दी गई।

केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार हाई हो रहा था। जो 320 तक पहुंच गया था। प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्तारी के बाद पहली बार इन्सुलिन दी गई है। तिहाड़ के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि केजरीवाल को बीती शाम 7 बजे के बाद इंसुलिन की दो खुराक दी गई थी।

विज्ञापन

### केजरीवाल के स्वास्थ्य पर तिहाड़ जेल प्रशासन का बयान

अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर तिहाड़ जेल के महानिदेशक (जेल) संजय बेनीवाल ने कहा कि खाना हमारे यहां समय पर दिया जाता है। अदालत आदेश के चलते इन्हें घर से खाना आता है। जिसकी जांच में पांच से सात मिनट का समय लगता है। हमारे यहां लगभग 900-1000 कैदियों को मधुमेह है। हम जिनका प्रबंधन कर रहे हैं। मेरे लिए ये मुद्दे नहीं है।

# संपादकीय

## जैविक हथियारों का खतरा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रसार से जैविक हथियारों का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस खतरे को समझने के लिए पहले हमें यह समझना होगा कि जैविक हथियार क्या हैं और एआई का प्रसार कैसे उन्हें और अधिक खतरनाक बना सकता है।

जैविक हथियार उन जीवाणुओं, विषाणुओं, या अन्य रोगाणुओं का उपयोग करते हैं जिन्हें मनुष्यों, जानवरों, या फसलों के खिलाफ हमले के रूप में प्रयोग किया जाता है। ये रोगाणु, यदि उचित तरीके से फैलाए जाएं, तो व्यापक जनसंख्या, पशुधन, या कृषि फसलों को प्रभावित कर सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से, जैविक हथियारों का उपयोग युद्धों और संघर्षों के दौरान किया गया है, लेकिन इनके संभावित खतरों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई संधियों के माध्यम से इन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के कई क्षेत्रों में क्रांति ला रहा है। यह मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसे तकनीकों के माध्यम से बड़ी मात्रा में डेटा को समझने और प्रसंस्करित करने की क्षमता रखता है। एआई का उपयोग चिकित्सा, कृषि, सुरक्षा, और अन्य क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। हालांकि, एआई के प्रसार से जुड़े कुछ खतरे भी हैं, जैसे कि गोपनीयता, सुरक्षा, और एथिकल चिंताओं के बारे में।

**जैविक हथियारों का डिज़ाइन :** एआई का उपयोग कर वैज्ञानिक और शोधकर्ता नए और अधिक घातक जैविक हथियारों का डिज़ाइन कर सकते हैं। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम्स के माध्यम से वैज्ञानिक अधिक प्रभावशाली और खतरनाक रोगाणुओं की पहचान और विकास कर सकते हैं।

**प्रसार और वितरण :** एआई के माध्यम से जैविक हथियारों के प्रसार और वितरण की प्रक्रियाओं को स्वचालित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, ड्रोन या अन्य स्वायत्त वाहनों का उपयोग कर जैविक हथियारों को व्यापक क्षेत्रों में तेजी से फैलाया जा सकता है।

**सुरक्षा उपायों को भेदना :** एआई का उपयोग कर जैविक हथियारों की निगरानी, पहचान, और सुरक्षा उपायों को भेदने के लिए नई तकनीकों का विकास किया जा सकता है। इससे प्रतिरोधी और अदृश्य जैविक हथियार विकसित हो सकते हैं, जिन्हें पहचानना और नियंत्रित करना कठिन हो जाता है।

**अन्य संगठनों तक पहुंच :** एआई तकनीकों के प्रसार से गैर-राज्य संगठनों, आतंकवादी समूहों, और अन्य अवांछनीय तत्वों को भी जैविक हथियारों की तकनीकें प्राप्त करने की संभावना बढ़ जाती है। इससे संभावित खतरों का दायरा बढ़ जाता है।

**विनियमन और निगरानी :** एआई के उपयोग को नियंत्रित करने और जैविक हथियारों के विकास और प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय संधियों और मानकों की आवश्यकता है।

**शिक्षा और जागरूकता :** एआई और जैविक हथियारों के खतरों के बारे में सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने से लोगों को इन खतरों को समझने और उनसे बचने में मदद मिलेगी।

**सुरक्षा उपायों में निवेश :** एआई का उपयोग कर जैविक हथियारों की निगरानी और पहचान के लिए नई तकनीकों का विकास करने के लिए निवेश किया जाना चाहिए।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग :** जैविक हथियारों के खतरे को नियंत्रित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग और साझा की गई जानकारी महत्वपूर्ण है।

## पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी स्वास्थ्य बीमा

अब जिस तरह जलवायु परिवर्तन और बदलती स्थितियों के चलते अनेक प्रकार की नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैं और बहुत सारे लोगों के लिए इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है, उसमें बीमा कंपनियों का वृद्धावस्था की ओर बढ़ती आबादी को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं था।

गंभीर और ऐसी बीमारियों, जिनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है, स्वास्थ्य बीमा लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित होता है। स्वास्थ्य बीमा शुरू करने का मकसद भी यही था कि लोगों को स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त रखा जा सके। मगर इसमें एक बड़ी अड़चन थी कि पैंसठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग स्वास्थ्य बीमा नहीं खरीद सकते थे। आमतौर पर ज्यादातर लोगों को इसी उम्र के बाद स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां घेरती हैं।

अब किसी भी उम्र में स्वास्थ्य बीमा खरीदा जा सकता है

मगर स्वास्थ्य बीमा न खरीद पाने के चलते वे निराश हो जाते थे। फिर, कैंसर, हृदय रोग या एड्स जैसी कुछ गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इसकी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा खरीदने के बाद अड़तालीस महीने तक उसका लाभ नहीं उठाया जा सकता था। अब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने इन अड़चनों को दूर करते हुए नियम जारी किया है कि पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोग भी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकेंगे। यानी अब किसी भी उम्र में स्वास्थ्य बीमा खरीदा जा सकता है। बीमा कंपनियां अब कैंसर, एड्स और हृदय रोग जैसी बीमारियों की वजह से किसी को बीमा देने से इनकार नहीं कर सकतीं। बीमा खरीदने के छत्तीस महीने बाद उसका लाभ उठाया जा सकेगा।

बीमा क्षेत्र को विस्तार देने और प्रतिस्पर्धी बनाने के मकसद से इस क्षेत्र में निजी बैंकों और विदेशी कंपनियों के लिए सौ फीसद निवेश का रास्ता खोला गया था।

फिर बीमा कंपनी बदलने की भी छूट दे दी गई थी। निस्संदेह इससे बीमा कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी और लोगों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो गया। मगर स्वास्थ्य बीमा के मामले में कई तरह की अड़चनें बनी हुई थीं। उम्र और कुछ गंभीर बीमारियां इस रास्ते में बड़ी बाधा थीं। अब उनके हट जाने से निस्संदेह बहुत सारे लोगों के लिए आसानी हो जाएगी।

अब जिस तरह जलवायु परिवर्तन और बदलती स्थितियों के चलते अनेक प्रकार की नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैं और बहुत सारे लोगों के लिए इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है, उसमें बीमा कंपनियों का वृद्धावस्था की ओर बढ़ती आबादी को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं था। दुनिया के अनेक देशों में वृद्धों की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाता है, मगर जिस तरह हमारे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ और उनमें सुविधाओं का अभाव बढ़ता गया है, उसमें बुजुर्ग आबादी की सेहत का ध्यान रखना चुनौती बनता गया है।

ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की शर्तों को लचीला बनाने से कुछ बेहतर नतीजे मिल सकते हैं। मगर अब भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को पुख्ता, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने की जरूरत रेखांकित की जाती रहती है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध करा रखी है। कुछ लोग कंपनियों आदि की सामूहिक बीमा के अंतर्गत आते हैं।

कुछ लोगों ने निजी स्तर पर स्वास्थ्य बीमा ले रखा है। मगर चूंकि स्वास्थ्य बीमा की सुविधा का लाभ निजी अस्पतालों में ही लिया जाता है, वहां इनके दावे आदि को लेकर कई तरह की अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रहती हैं।

कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य बीमा की वार्षिक किस्तें पचास फीसद से अधिक बढ़ चुकी हैं। इसलिए स्वास्थ्य बीमा नियमों को लचीला बनाने के साथ-साथ इन्हें व्यावहारिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में भी भरोसेमंद कदम उठाने की जरूरत है।

## मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**




मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें।

यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

## मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा

**उमेश चतुर्वेदी**

तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे।

अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा। यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है।

तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है।

जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे।




## मानवीय जीवों में दूसरों की टांग खिंचाई का प्रचलन तेजी से बढ़ा



सामाजिक,राजनीतिक धार्मिक क्षेत्रों में मुझसे कोई आगे ना बढ़े, संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खींचाई होती है

सफ़ल व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी,उसकी कमजोर कड़ी रेखांकित कर,टांग खींचने में अपनी ताकत झोंक देते हैं- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में प्रौद्योगिकी विज्ञान से से सराबोर होकर अपने-अपने स्तरपर सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं और अब हर देश प्रौद्यौगिकी व डिजिटाइजेशन से आछूता नहीं है, जिसका दर्ज़ा बहुत बड़ा हो चुका है इसकी उपलब्धियों के पीछे मानवीय मस्तिष्क का कमाल है जो सफलता के झंडा गाढ़ रहा है। वही आज के युग में तकनीकी प्रौद्योगिकी वह उसके सहारे पूरी दुनिया में कनेक्टिविटी भी बढ़ती जा रही है, इसके लिए राजनीतिक क्षेत्र में बुद्धिजीवी सफल वह पारदर्शी व्यक्तित्व की आवश्यकता होती है,जो पूरी तरह समर्पित होकर भाव से नेतृत्व करें। परंतु लंबे समय से हम देखते आ रहे हैं कि प्रौद्योगिकी युग को गति देने वालों व सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र में अपनी सेवा या योगदान देकर समर्पित भाव से कार्य करने वालों की टांग खींचनेका प्रचलन हाल के कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। यह काम ऐसे लोगों द्वारा किया जाता है जो इन क्षेत्रों में अपने वर्चस्व को बनाकर रखना चाहते हैं, उनकी मंशा रहती है कि मुझसे कोई आगे ना बड़े व उस राजनीतिक सामाजिक धार्मिक संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में लगे रहते हैं, जिसके चक्कर में वह अपने से प्रबुद्ध विशाल बुद्धिमान सक्रिय सेवक की टांग खींचनें में पूरी ताकत झोंक देते है। अधिकतम फोकस उस सही वह सच्चे सफल इंसान के ऊपर कोई आरोप लगाकर उसकी रेपुटेशन यानें इज्जत की हत्या कर देते है, ताकि वह फिर सर नहीं उठा सके, ऐसे वाक्यात मैंने संगठनों में अत्यंत करीब से देखे हैं कि सफल स्वच्छ व सच्चे इंसान की कोई कमजोर कड़ी को रेखांकित कर उसकी टांग खींचने में पूरी ताकत झोंक लेते हैं क्योंकि एक सफल समझदार व्यक्ति हमेशा अपने ऊपर फेके गए कटाक्ष रूपी पत्थरों से अपनी नीव मजबूत बनाते हैं।इसलिए आज हम मीडियामें उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र में मुझसे कोई आगे ना बड़े व संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खिंचाई होती है।

साथियों बात अगर हम सफ़लता की सीढ़ी पर चढ़ रहेव्यक्ति की टांग खींचकर गिराने की करें तो, कई बार लोग कई कारणों से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे व्यक्ति की टांग खींचते हैं। यह व्यवहार ईर्ष्या, असुरक्षा या परिवर्तन के डर से उत्पन्न हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को किसी और की सफलता से ख़तरा महसूस हो सकता है और वे अपने बारे में बेहतर महसूस करने के लिए इसे कमज़ोर करना चाहते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवहार उस व्यक्ति का प्रतिबिंब नहीं है, जो सफलता प्राप्त कर रहा है, बल्कि यह उन लोगों की असुरक्षाओं और प्रेरणाओं का प्रतिबिंब है जो उनकी टांग खींच रहे हैं। ईर्ष्या और अभिमान, इसके अलावा कम आत्मसम्मान भी इसमें शामिल हो सकता है। जब लोग अपने जीवन में दुखी होते हैं तो वे कई बार दूसरों की सफलता को खतरे के रूप में देखते हैं। दूसरे व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुँचने का जश्न मनाने के बजाय यह उनकी अपनी सभी असुरक्षाओं और कथित विफलताओं को सामने और केंद्र में लाता है। उनके अहंकार को ठेस पहुँचती है और इससे ईर्ष्या उत्पन्न होती है। ऐसे लोग हैं जो उन भावनाओं को अपने तक ही सीमित रखेंगे, लेकिन फिर ऐसे लोग भी हैं जो इसे इस हद तक ले जाएंगे कि बाधाएं खड़ी करेंगे या दूसरे व्यक्ति की सफलता या खुशी में तोड़फोड़ करने की कोशिश करेंगे। यह वास्तव में बहुत दुखद है क्योंकि जिसे वे खतरा मानते हैं वह वास्तव में एक बेहतर इंसान बनने के लिए उनकी प्रेरणा हो सकती है। यह सब इस बारे में है कि हम किसी चीज़ को कैसे देखते हैं और हम उस जानकारी का उपयोग कैसे कर सकते हैं। क्या हम इसका उपयोग दोहरी नकारात्मकता पैदा करने के लिए करना चाहते हैं या अपने जीवन में कुछ सकारात्मक लाने के लिए करना चाहते हैं।

हमें जीवन में परिस्थितियाँ और बाधाएँ दी जाती हैं जिनसे हमें पार पाना होता है लेकिन अंततः वहाँ रहना हमारी पसंद है। सफल लोग बस ऐसे कदम उठाना चुनते हैं जिनसे सफलता मिल सके। इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपने सभी सपने हासिल कर लेंगे, लेकिन अगर वे आगे बढ़ रहे हैं तो उन्हें पता है कि रुके रहने से हमेशा बेहतर है। इससे एक जहरीली मानसिकता पैदा हो सकती है जो उनकी अपनी नकारात्मकता पर विचार करती है। यह एक दौड़ में होने जैसा है और हम दूसरों को अपने से आगे निकलते हुए देखते हैं लेकिन हम स्थिर खड़े रहते हैं। जब तक हम हमेशा बढ़ते रहेंगे, हमको दूसरों को नीचे गिराने की ज़रूरत महसूस नहीं होगी। आशा है कि हम वह व्यक्ति होंगे जो रास्ते में गिरे हुए लोगों को उठा सकते हैं। कई बार लोग कई कारणों से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे व्यक्ति की टांग खींचते हैं। यह व्यवहार ईर्ष्या, असुरक्षा या परिवर्तन के डर से उत्पन्न हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को किसी और की सफलता से ख़तरा महसूस हो सकता है और वे अपने बारे में बेहतर महसूस करने के लिए इसे कमज़ोर करना चाहते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवहार उस व्यक्ति का प्रतिबिंब नहीं है जो सफलता प्राप्त कर रहा है, बल्कि यह उन लोगों की असुरक्षाओं और प्रेरणाओं का प्रतिबिंब है जो उनकी टांग खींच रहे हैं।

इस दुनिया में किसी भी दो लोगों के पास सटीक क्षमता और रवैया नहीं है। कुछ महत्वाकांक्षी और वास्तविकता प्रेमी होते हैं जबकि अन्य केवल दबंग और चापलूसी प्रेमी होते हैं। तो, निश्चित रूप से, जब ऐसे लोग किसी समय टकराते हैं, तो बाद वाले को एहसास होता है कि दुनिया %उसकी घड़ी% के अनुसार काम नहीं करती है और ऐसे लोग अपने सामने आने वाली वास्तविकता को सहन नहीं कर सकते हैं। इसलिए दुनिया को अपने अनुसार ढालने की कोशिश में वे उन लोगों को नीचे गिराने की कोशिश करते हैं जिन्होंने अपनी निष्पक्ष मेहनत से प्रसिद्धि अर्जित की है। लेकिन ऐसे संकीर्ण दिमाग कभी भी वास्तविक सफलता की गहराई को नहीं समझ सकते हैं और यह भी कि कड़ी मेहनत से अर्जित गौरव को नफरत के सस्ते कृत्यों से कभी कम नहीं किया जा सकता है।यह अधिकांश मनुष्यों के लिए भी सत्य है। जब दूसरे लोग जीवन में आगे बढ़ते हैं तो उन्हें ईर्ष्या महसूस होती है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए कई चीजें करते हैं कि उनका विकास सुचारू रूप से न हो। मैं निश्चित तौर पर इस बात से सहमत होऊंगा कि सभी इंसान ऐसे नहीं होते। लेकिन जब हम अपने आस-पास के लोगों से बुरी तरह प्रभावित होते हैं, तो पूरी दुनिया को काले रंग में रंगना स्वाभाविक है।लोग समझते हैं कि दूसरों का स्तर गिराकर वे महान हैं।वो लोग यह नहीं समझते कि महान बनने के लिए अपनी लाइन बढ़ानी पड़ती है, अपनी लाइन घिसानी नहीं पड़ती।

नई दिल्ली
बुधवार 24 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## पुलिस मुठभेड़ दो अपराधी गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नवाबगंज क्षेत्र में मंगलवार की भोर में हुई पुलिस के साथ मुठभेड़ में मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी (गंगानगर) अभिषेक भारती ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करने के लिए शहर से लेकर गांव तक अभियान चलाया गया है। इसी के मद्देनजर पुलिस जगह-जगह बैरीकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस को भी आत्मरक्षार्थ गोली चलानी पड़ी जिसमें पड़ोसी जिला प्रतापगढ़ के देलहुपर निवासी मजीद खान के पैर में गोली लगी जिससे वह मोटरसाइकिल सहित जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी करके मजीद के साथी मऊआइमा निवासी दिलशाद को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनो क्षेत्र में किसी लूट को अंजाम देने के लिए आए थे। उनके पास से दो तमंचा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस दिलशाद से पूछताछ कर रही है।

## युवक की मौत के मामले में दो पुलिसकर्मियों समेत चार के खिलाफ मुकदमा

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के थाना विशेश्वररगंज में युवक की बीते शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में चौकी प्रभारी और सिपाही समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बालापुर के मजरा कथिकनपुरवा निवासी अनूप कुमार (18) की बीते शनिवार को संदिग्ध मौत हो गई थी। मृतक युवक के पिता समय प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसके बेटे का तिलक हो गया था जबकि विवाह 26 अप्रैल को होना था लेकिन लड़की के मौसा समेत अन्य ने ब्लैकमेल करते हुए पैसे की मांग की थी जिसके चलते शादी टूट गई थी। इसके बाद लड़की के मौसा ने पुलिस से मिलकर पुत्र अनूप कुमार को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पिता ने धनुही चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह, एक सिपाही पर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया था। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर विशेश्वरगंज थाने में चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह, अज्ञात सिपाही, कुंजी लाल और मनोज कुमार के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। जिसमें युवक को मारने पीटने, धमकी देने और मौत के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हमीरपुर में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, बुजुर्ग गंभीर घायल

हमीरपुर। हमीरपुर में आज एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को न सिर्फ टक्कर मारी है बल्कि एक को रौंदता हुए निकल गया है। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई और चालक गंभीर घायल हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ज़िला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह हादसा यमुना पुल पर हुआ है। यहां मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गुसियारी गांव का रहने वाला 60 वर्षीय रामस्वरूप जहांगीराबाद से एक शादी समारोह में शामिल होकर गुसियारी वापस जा रहा था। रामस्वरूप के साथ उसका एक रिश्तेदार 35 वर्षीय रंजीत भी वापसी में यह कह कर बैठ गया कि हमीरपुर छोड़ देना। दोनों बाइक सवार जैसे ही यमुना पुल पर पहुंचे पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पुल पर गिरे रंजीत के सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामस्वरूप गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। रंजीत के शव को मोर्चरी में रखवा कर उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने सोशल मीडिया सेल के माध्यम से बताया कि हादसा कानपुर जिले के सजेती थाना क्षेत्र में हुआ था, इसलिए सजेती थाना पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


## सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाई गई सुरक्षा

बलरामपुर। बलरामपुर में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसको लेकर बलरामपुर में सोमवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा को लेकर एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं। बलरामपुर में होने वाले आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। लोगों से किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाने व किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही गई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मंगलवार दोपहर मतदान केंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिशनापुर, कंपोजिट विद्यालय हसुवाडोल, प्राथमिक विद्यालय सेखुई कला, अपर प्राइमरी स्कूल धुसाह कंपोजिट का निरीक्षण करते हुए उपस्थित पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बलरामपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। आने-जाने वालों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## प्रतापगढ़ में सड़क किनारे मिला बुजुर्ग का शव

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध का शव मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक जौनपुर जिला निवासी है। जौनपुर से कल साइकिल से निकले थे। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। प्रतापगढ़ के कोतवाली देहात कटरा मेदनीगंज अंतर्गत भुवालपुर किला सुगाहीबाग स्थित जयसवाल भट्ठा के पास वृद्ध का शव मिला। जौनपुर जनपद के मुंगरा बादशाहपुर मछली गली निवासी अली हसन उर्फ ननकू (65) 22 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे घर से साइकिल से निकले। वह सुगाहीबाग स्थित जयसवाल भट्ठे के पास साइकिल खड़ी करके जमीन पर लेट गए। वहीं पड़े थे। डायल 112 को भट्ठे वालों ने सूचित किया था, लेकिन डायल 112 लगभग 10:00 रात को पहुंचे और देखकर वापस चले गए थे। आज सुबह लोगों ने देखा तो नल के पास गड्ढे में अली हसन की लाश मिली। अली हसन की जेब में मिले कुछ नंबरों से संपर्क करने पर घर वाले और रिश्तेदार को पुलिस ने सूचित किया। सूचना पर घर वाले और रिश्तेदारों का लगा जमावड़ा लग गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बच्चियों ने खेल-खेल में खाई कीटनाशक दवा, मौत



**बुलंदशहर।** बुलन्दशहर के औरंगाबाद नगर में दो बच्चियों ने खेल-खेल में कीटनाशक दवा खा ली। जिससे दोनों की मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर पहले परिजन दोनों को अस्पताल ले गए। यहां एक के बाद एक ने बच्ची ने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जंगलीपीर निवासी नदीम विदेश में काम करते हैं। बताया गया है कि नदीम की दो बच्ची घर पर ही खेल रही थीं। बाकी सदस्य घर के बाहर काम कर रहे थे। खेलते समय उनकी दो मासूम बेटी तीन साल की आफिया और 4 साल की अफरीन ने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। थोड़ी देर बाद दोनों की हालत बिगड़ गई। जब बच्चे चिल्लाने लगे तो परिजनों ने बच्चों को देखा और उनको लेकर अस्पताल लेकर भागे। यहां एक के बाद एक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी विनोद यादव का कहना है कि परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इन्कार किया है। शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# देश में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस मोदी की देन

## मोदी जी के शासन में गरीब कल्याण के कार्यों की एक लंबी श्रृंखला है : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देश के अंदर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण आया है जिसका सर्वाधिक लाभ गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मिला है।

उन्होने कहा कि कांग्रेस, सपा व अन्य कई दलों का इंडी गठबंधन श्री मोदी की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से बौखलाहट में है। इसी बौखलाहट के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक दादी से लेकर पोते तक इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है।

योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला और अगले पांच साल में तीन करोड़ और लोगों को मकान देने का लक्ष्य भाजपा के संकल्प पत्र में दर्शित है। मोदी जी के शासन में गरीब कल्याण के कार्यों की एक लंबी



श्रृंखला है। इसमें बारह करोड़ घरों में शौचालय बने, 50 करोड़ लोगों के जनधन एकाउंट खोले गए, 80 करोड़ लोगों को चार साल से मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है, 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर मिला, 10 करोड़ गरीबों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिले, 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिला।

उन्होने कहा कि आजादी के 70 वर्षों तक देश के अंदर सबसे अधिक समय तक कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने राज किया लेकिन उसके कुशासन के चलते करोड़ों लोग मकान, बिजली, नल, इलाज की सुविधा, शौचालय, रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित रहे। गरीबों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने की दोषी कोई और नहीं, कांग्रेस और उसके पार्टनर हैं। जबकि इन करोडों वंचितों के जीवन में खुशहाली लाने वाले पीएम मोदी हैं।

योगी ने कहा कि वास्तव में गरीब कल्याण की उपलब्धियां भाजपा सरकार के मूलमंत्र बिना भेदभाव, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का साकार रूप हैं। कभी मोदी जी ने यह नहीं कहा कि ये मैंने किया। उन्होंने हमेशा कहा कि यह सबका विश्वास है, सबका प्रयास है। आज भी मोदी जी अपने भाषण में इस बात को कहते हैं की जनता को जो सबकुछ मिला है इसका श्रेय मुझे नहीं, जनता जनार्दन को है। क्योंकि, जनता जनार्दन ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार की कीमत को समझा है। अपने वोट को सही जगह दिया तो उसका लाभ सही तरीके से मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा और समूचे इंडी गठबंधन पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की राजनीति करके इंडी गठबंधन देश के साथ धोखा और गद्दारी कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस का परिवार सुपर पीएम बना होता था तो उस समय के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किसके इशारे पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमान का है।

## हाथरस में 95 लाख खर्च कर सकता है प्रत्याशी

हाथरस। हाथरस में लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक और निष्पक्ष संपन्न करने के मकसद से निर्वाचन अयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक पी श्री वेंकटाप्रिया, व्यय प्रेक्षक प्रवीन रेड्डी और जिलाधिकारी अर्चना वर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न दलों के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामान्य प्रेक्षक पी श्री वेंकटा प्रिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष कराने से कराए जाने हेतु विभिन्न प्रकार की टीमों का गठन करते हुए उनके प्रभारी नामित कर दिया गया है। इनके द्वारा 24 घंटे कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कलक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, सिंगल विंडो सिस्टम तथा एमसीएमसी कक्ष संचालित है।

# सहारनपुर में थ्रेसर मशीन से लकड़ी व्यापारी की गर्दन कटी

**पहले ट्रैक्टर से टकराई बाइक, फिर थ्रेसर मशीन में फंसकर मौत हुई, बाइक में भी लगी आग**

सहारनपुर। सहारनपुर में बाइक सवार लकड़ी व्यापारी की थ्रेशर मशीन की चपेट में आकर गर्दन कट गई। व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना रामपुर मनिहारान का है।

### पहले ट्रैक्टर से टकराई बाइक, फिर आग लग गई

मंगलवार को थाना रामपुर मनिहारान के मोहल्ला बाजार कला के रहने वाले सुमित गुप्ता (40) की मल्हीपुर गांव में लकड़ी की दुकान है। वह सुबह बाइक से दुकान के लिए जा रहा था।

जैसे ही वह दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर जनधेड़ा समसपुर के पास पहुंचा। तभी गलत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई। ट्रैक्टर से टकराकर उसके पीछे लगी थ्रेसर मशीन में फंसने से उसकी गर्दन कट गई। बाइक में भी आग लग गई।

### दमकल की टीम ने बुझाई आग

थ्रेसर मशीन से टकराने के बाद बाइक में आग लग गई। लोगों ने आज को बचाने का बहुत प्रयास किया। लेकिन आग नहीं बुझ पाई। दमकल विभाग की टीम ने आग बुझाई। परिजनों को सुमित की मौत की खबर मिली तो घर में कोहराम मच गया।

### व्यापारी के हैं तीन बच्चे

व्यापारी के तीन छोटे बच्चे हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात थ्रेशर मशीन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद ग्रामीणों का तांता लग गया।

## फंदे से लटकी मिली महिला की बॉडी

फतेहपुर। फतेहपुर में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के मौत बाद परिजन दूसरे दिन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के भाई ने आरोप लगाया कि बहन को बेटी पैदा होने पर ससुराल वाले ताने देते थे और शराबी जीजा ने मारपीट कर बहन को गमछे से फांसी लगाकर लटका दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिले के असोथर थाना क्षेत्र के सुसवन खुर्द गांव के रहने वाले दीपक कुमार प्रजापति की 24 साल की पत्नी ने सोमवार की दोपहर में घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति सहित परिवार के लोगों ने रात भर पुलिस को सूचना नहीं दी और जब पड़ोसी के द्वारा मायके पक्ष को मंगलवार के दिन जानकारी दी गई तो पति ने मंगलवार की सुबह 10 बजे पुलिस को जानकारी दी।

# प्रेमी युगल ने किया सुसाइड

## पार्टी में गए, खाने में जहर मिलाकर खाया; फिर अपने-अपने घर चले गए

घाटमपुर। कानपुर में एक प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। दोनों सोमवार रात परिवार के एक मुंडन संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां पर दोनों ने खाने में जहर मिलाकर खा लिया। इसके बाद अपने-अपने घर चले गए। सुबह घर वाले जब जगाने पहुंचे तो दोनों की मौत की जानकारी हुई।

दोनों पारिवारिक चचेरे भाई-बहन थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### 2 साल से चल रहा था अफेयर

घाटमपुर के रेउना थाना क्षेत्र के अकबरपुर छवैया गांव के मजरा पूरनपुर निवासी राजू कुरील के बेटे अर्जुन उर्फ बादल (21) का गांव के ही रहने वाले दिनेश उर्फ कुड़ाहा की बेटी राखी (17) के साथ 2 साल से



अफेयर चल रहा था। इन लोगों के घर गांव में 500 मीटर की दूरी पर हैं। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई -बहन लगते थे। दोनों अक्सर एक दूसरे से मिलते रहते थे। लेकिन दोनों के घरवाले इस बात का विरोध करते थे। लड़की ने इसी साल 10वीं की परीक्षा पास की थी। लड़का मजदूरी करता था।

### खाने में मिलाकर खाया जहर

पुलिस ने बताया कि सोमवार देर शाम गांव में लड़की के परिवार में मुंडन संस्कार कार्यक्रम था। उसमें लड़की शामिल होने गई थी। लड़का भी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। वहां पर दोनों को मिलते हुए परिजनों ने देख लिया था। परिजनों ने दोनों को फटकार भी लगाई।

इसके बाद खाने में दोनों ने जहर मिलाया, फिर साथ में बैठकर खाया। इसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए।

घर जाकर दोनों सो गए। मंगलवार सुबह दोनों देर तक नहीं उठे, इसपर घर वाले जगाने पहुंचे तो मुंह से झाग निकलता देख दंग रह गए। इसके बाद घर वालों ने सूचना रेउना पुलिस को दी।

रेउना पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराने के साथ दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। रेउना थाना प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ में 8 साल का बच्चा सीवर में गिरा, मौत

## हनुमान जयंती पर प्रसाद लेकर घर जा रहा था शाहरुख; 3 घंटे बाद निकाला शव

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में 8 साल का बच्चा सीवर के मैनहोल में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। नगर निगम, जल कल और स्थानीय थाने की टीम ने करीब 3 घंटे के बाद रेस्क्यू कर शव बरामद किया। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

हादसे की जानकारी होते ही नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी मौके पर पहुंचे। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यहां पर जो भी फॉर्म कम कर रही है उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बच्चे की पहचान शाहरुख पुत्र सैफुद्दीन के रूप में हुई है। वह सीतपुर के अकबरपुर थाना लहरपुर का रहने वाला था। लखनऊ में परिवार के साथ जानकीपुरम सेक्टर 7 में रह रहा था।

### 40 मिनट बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बच्चा हनुमान जयंती के भंडारे से प्रसाद लेने के बाद पैदल घर जा रहा था। सीवर का मैनहोल खुला था, उसे देख नहीं पाया और गिर गया। उसके साथ लगभग उसी के उम्र के दो और लड़के थे। शाहरुख के सीवर में गिरते ही दोनों बच्चे चिल्लाने और रोने लगे।

तभी वहां से कुछ लड़के गुजर रहे थे। बच्चों से रोने के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका एक साथी सीवर में गिर गया है। इसके बाद उन लड़कों ने भी झांक कर देखा तो कुछ नजर नहीं आया। उन्हीं लड़कों में से एक ने 1.40 बजे 100 नंबर पर डायल किया, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला।

इसके बाद 112 नंबर पर डायल किया गया। करीब 40 मिनट बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

उन्होंने बच्चे को निकालने के लिए रेस्क्यू किया। करीब 4 बजे बच्चे को सीवर से निकाला गया। बच्चा बेहोशी की हालत में था। पुलिस बच्चे को हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### डूबने से हुई बच्चे की मौत : सीएफओ

सीएफओ (मुख्य अग्निशमन अधिकारी) ने बताया, दोपहर 2.53 बजे फायर स्टेशन बक्शी तालाब को अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के बगल में सीवर लाइन में एक बच्चे के डूबने की सूचना मिली। फायर टीम मौके पर पहुंची और बच्चे के रेस्क्यू में जुट गई। सीवर की गहराई 18 फीट है, जबकि बच्चा छोटा था। डूबने से बच्चे की मौत हो गई।

## सीसामऊ नाला की सफाई में लापरवाही

कानपुर। नाला सफाई के टेंडर होने के साथ ही कार्य में लापरवाही भी शुरू हो गई है। मंगलवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सीसामऊ नाले का निरीक्षण किया। तलीदार नाला सफाई न कर ऊपर ही सफाई कर दी गई। नगर आयुक्त ने नाले की गहराई की जांच कराई, जिसमें 15 फीट से कम नाला सफाई की गई। इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए ठेकेदार फर्म श्रीसत्या कंस्ट्रक्शन पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। पोकलैंड मशीन से नाले की सफाई की जा रही है। सीसामऊ नाला की गहराई 15 फीट और चौड़ाई करीब 9 मीटर है। नगर आयुक्त को निरीक्षण में सांई मन्दिर से 12/480 पुलिया होते हुए मकराबर्टगंज तक कार्य सीसामऊ नाले की सफाई में प्रथम दृष्टया कार्य में लापरवाही पाई गई। एक माह पूरा होने के बाद भी लापरवाही बरतने के कारण अभी इसकी सफाई संतोषजनक नहीं है। कार्य में लापरवाही बरतने पर जोनल अभियंता कमलेश पटेल, अवर अभियंता बृजेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नगर आयुक्त ने एक सप्ताह में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सीसामऊ नाले की सफाई एक माह के अंदर पूरा करने के लिए नगर आयुक्त ने कड़े निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता को ये भी निर्देश दिए कि नाला सफाई के लिए जिन कार्यों में टेंडर स्वीकृत होकर कार्यादेश जारी हो चुके हैं। उसकी कार्य प्रगति और जिस पर कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। इसकी रिपोर्ट सभी 6 जोनल अभियंताओं से तलब की जाए। जहां कार्य शुरू नहीं हुए हैं, जोनल अभियंताओं पर भी कार्रवाई की जाए।

# रेल टिकटों की कालाबाजारी करने वाला गिरफ्तार



**प्रयागराज।** ट्रेन के टिकटों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ आरपीएफ अभियान चला रही है। रेलवे मुख्यालय साइबर सेल से सूचना मिलने के बाद आरपीएफ ने टिकटों को बेचने वाले आजाद हुसैन को गिरफ्तार किया है। आजाद दक्षिण नाबाबपुर मालिकपारा थाना चंडी ताला हुबली (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है। शहर में वह सुल्तानपुर भावा नुरूल्ला रोड के एक मकान में रहकर यह धंधा कर रहा था। आजाद हुसैन के पास से छापेमारी में 117 यूजर आईडी मिली है।

इन्हीं के जरिए वह टिकटों की बुकिंग कर महंगे दामों में बेचता था। आजाद एक साफ्टवेयर के माध्यम से पर्सनल यूजर आईडी पर अवैध रूप से ई-टिकट बनाकर बेच देता था। वह हर टिकट पर दो सौ से तीन सौ रुपये अधिक लेता था। उसके पास से कई अहम ट्रेनों के टिकट बरामद हुए जिनकी कीमत 81,263.05 रुपये हैं। आरोपी ने घर में ही कार्यालय बनाया हुआ था। वहां से लैपटाप, मोबाइल, हार्ड डिस्क आदि बरामद हुई है। आरपीएफ छापेमारी के बाद आरपीएफ ने मामला दर्ज कर लिया है। पकड़े गया युवक तीन साल से टिकटों की कालाबाजारी कर रहा था।

### 99 मामले दर्ज, 105 गिरफ्तार

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने ई-टिकटों के अवैध कारोबार करने के 99 मामले दर्ज किए हैं। अब तक आरपीएफ ने 105 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया है। इन धंधेबाजों के पास से 28,91,290 रुपये कीमत की 1889 ई-टिकट बरामद किए हैं। 755 फर्जी यूजर आईडी पकड़ी है।

# गोंडा में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

## पेड़ से टकराई बाइक, एक गंभीर घायल, चारों एक ही मोटरसाइकिल से घूमने निकले थे

गोंडा। गोंडा में इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए गोंडा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकरअपने घर से खरगूपुर बाजार घूमने जा रहे थे। रास्ते में अनियंत्रित होकर के बाइक आम के पेड़ से टकरा गई, जिससे यह हादसा हुआ है। युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इटियाथोक थाने की पुलिस आगे की जांच में जुटी




हुई है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा गांव के रहने वाले 20 साल के मोहम्मद रिजवान अपनी मोटरसाइकिल पर बैठ करके गांव के ही रहने वाले 19 वर्षीय मोहम्मद सईद, 19 वर्षीय मोहम्मद अहमद, 20 वर्षीय मोहम्मद बिलाल को खरगूपुर बाजार घूमने के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में इटियाथोक थाना क्षेत्रगट बिंदुली गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक एक आम के पेड़ से टकरा गई, जिससे मौके पर ही चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें एंबुलेंस से गोंडा मेडिकल कॉलेज लाया गया।

यहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान 19 वर्षीय मोहम्मद सईद, 19 वर्षीय मोहम्मद अहमद और 20 वर्षीय मोहम्मद बिलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं 20 साल मोहम्मद रिजवान की हालत गंभीर है। वहीं पूरे मामले को लेकर के इटियाथोक थाना अध्यक्ष विवेक त्रिवेदी ने बताया कि बेंदुली गांव के पास एक बाइक आम के पेड़ से अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार से टकरा गई। तीन युवकों की मौत हो गई है। एक युवक घायल है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाकियू टिकैट गुट की पंचायत में 9 मांगों पर सहमति

फतेहपुर। फतेहपुर जिले में किसानों की समस्याओं के निदान के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की एक पंचायत नहर कालोनी में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार उत्तम के नेतृत्व में संपन्न हुई। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष के सामने किसानों ने पंचायत के माध्यम से समस्या बताते हुए कहा कि इस बार भीषण गर्मी में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण खेतों के ऊपर से निकले जर्जर तार से गेहूं की फसल जलकर रख हो गई, जिसका मुआवजा नहीं मिलने समेत 9 मामले रखे। किसानों ने कहा कि जिले के किसी भी नहर में गर्मी के मौसम में पानी नही छोड़ा गया है। मंडी समिति से किसानों के जली फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। शाह सब स्टेशन से समदाबाद फीडर तत्काल चालू किया जाए। कुहुंवा कि डेरा से रामपुर के मध्य रिन्द नदी पर पुल का निर्माण जल्द कराया जाए। अधिशासी अभियंता द्वितीय का कार्यालय बिंदकी में चालू किया जाए, जिससे किसान अपनी समस्या जिला मुख्यालय के बजाए वहीं पर कर सकें। पंचायत में किसानों के बात सुनकर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि सबसे पहले नहरों में पानी छोड़ा जाए। बिंदकी कोतवाली में दर्ज किसानों पर मुकदमा को वापस लिया जाए।

## शार्ट न्यूज

### एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च

नयी दिल्ली। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड (एचडीएफसी एमएफ) के निवेश प्रबंधक एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश करके भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की क्षमता को अनलॉक करना है। एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड के लिए एनएफओ 26 अप्रैल, 2024 को खुलेगा और 10 मई, 2024 को बंद होगा। एचडीएफसी मैन्युफैक्चरिंग फंड की निवेश रणनीति विनिर्माण थीम के तहत विविध क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में कम से कम 80 प्रतिशत निवेश वाले मुख्य पोर्टफोलियो पर जोर देती है। फंड का लचीला दृष्टिकोण बाजार पूंजीकरण में निवेश की अनुमति देता है, जिससे निवेशकों को विनिर्माण परिदृश्य के भीतर अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला का अनुभव मिलता है।

### वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 93.61 करोड़ रही

नयी दिल्ली। देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या दिसम्बर 2023 के अंत में बढ़कर 93.61 करोड़ हो गई जो सितम्बर 2023 के अंत में 91.81 करोड़ थी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज यहां इसको लेकर आंकड़े जारी किया। तिमाही आधार पर इंटरनेट ग्राहकों की संख्या में 1.96 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की गई। कुल 93.61 करोड़ इंटरनेट उपभाक्ताओं में से वायरलाईन इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 3.85 करोड़ तथा वायरलेस इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 89.75 करोड़ है। इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या में ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 90.45 करोड़ और नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 3.16 करोड़ है। ब्राडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या दिसम्बर, 2023 के अंत में बढ़कर 90.45 करोड़ हो गई जो कि सितम्बर, 2023 के अंत में 88.5 करोड़ थी जिसमें 2.21 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की गई। नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या दिसम्बर, 2023 के अंत में घटकर 3.16 करोड़ रही जो सितम्बर, 2023 के अंत में 3.32 करोड़ थी। वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या दिसम्बर, 2023 के अंत में बढ़कर 3.18 करोड़ हो गयी जो कि सितम्बर, 2023 के अंत में 3.09 करोड़ थी जिसमें 2.79 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की गई।

### सोने की कीमतों में 1450 रुपये की राहत, चांदी भी 2300 रुपये सस्ती हुई

नई दिल्ली। कारोबारियों की ओर से की गई मुनाफावसूली और कमजोर वैश्विक रुख के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव मंगलवार को 1,450 रुपये की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इस दौरान चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, दिल्ली में सोने का भाव 1,450 रुपये की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी की कीमत 2,300 रुपए टूटकर 83,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 1,450 रुपये की गिरावट आई और इसमें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 55 डॉलर की गिरावट के साथ 2,310 डॉलर प्रति औंस रह गया। मध्य पूर्व में तनाव कम होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा लंबे समय तक दरों को ऊंचा रखने के संकेतों के बीच मंगलवार को सोने की कीमतों में और गिरावट आई। गांधी ने कहा कि व्यापारियों ने भी अपने धन प्रवाह को सुरक्षित निवेश से जोखिम वाली संपत्तियों में स्थानांतरित कर दिया, जिससे हाल की तेजी के बाद कीमती धातुओं में मुनाफावसूली दिखी।

### अप्रैल-फरवरी के बीच कृषि निर्यात 9 प्रतिशत घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली । लाल सागर संकट और अन्य वैश्विक कारणों से वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान देश का कृषि निर्यात 8.8 प्रतिशत घटकर 43.7 अरब डॉलर रह गया। इसका कारण रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर घरेलू प्रतिबंध लगाया जाना भी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी 2022-23 में कृषि उत्पादों का निर्यात 47.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अप्रैल से फरवरी के बीच भारत के कृषि सकल घरेलू उत्पाद में भी महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई, 2023-24 में इसमें केवल 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2022-23 में 4.7 प्रतिशत से कम है। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि एपीडा बास्केट में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की 11 महीने की अवधि के दौरान 6.85 प्रतिशत घटकर 22.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। एक अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी जिंसों के निर्यात पर प्रतिबंध से पिछले वित्त वर्ष में 5-6 अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है।

### एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज से कोडशेयर समझौता किया

नई दिल्ली। टाटा समूह के स्वामित्व वाली देश की अग्रणी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। यह कोडशेयर समझौता 23 मई से प्रभावी होगा। इसके लागू होने के बाद एयर इंडिया और ऑल निप्पॉन एयरवेज के यात्री एक ही टिकट के साथ भारत और जापान के बीच वांछित गंतव्य के लिए उड़ान भर सकते हैं। एयर इंडिया टोक्यो हनेडा और दिल्ली के साथ-साथ टोक्यो, नारिता और मुंबई के बीच एएनए की उड़ानों पर अपना %एआई% डेजिगनेटर कोड जोड़ेगी। वहीं एएनए की ओर से एयर इंडिया की तोक्यो नारिता और दिल्ली के बीच उड़ान में एनएच डेजिग्नेटर कोड जोड़ा जाएगा। मंगलवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। दोनों एयरलाइंस अतिरिक्त मार्गों पर अपने सहयोग को और बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। अब, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया, जो अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है, ने एएनए सहित 15 एयरलाइंस के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हैदराबाद शाखा ने वीएमसी सिस्टम्स लिमिटेड के बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई की है।

### कर्नाटक, गुजरात स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के मामले में अव्वल

नई दिल्ली। देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के मामले में कर्नाटक और गुजरात सबसे अव्वल रहे हैं, यह दावा आईईईएफए व एम्बर की एक संयुक्त रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के बारे में कहा गया है कि उन्हें क्लीन एनर्जी अपनाना के मामले में अपनी कोशिशें बढ़ाने की जरूरत है। शोध संगठन इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस और स्वच्छ ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर की संयुक्त रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि कर्नाटक और गुजरात ने सभी आयामों में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। इन राज्यों ने अपने बिजली क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मजबूत प्रगति हुई है। दूसरी ओर झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को सुधार की जरूरत है। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में जारी हुई है जब भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की लहर चल रही है। इसके कारण बिजली मंत्रालय 260 गीगावाट की अनुमानित अधिकतम बिजली मांग की तैयारी कर रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में सौर ऊर्जा जैसी अधिक स्वच्छ ऊर्जा के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा होती हैं। आईईईएफए के निदेशक और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक विभूति गर्ग ने कहा कि चक्रीय मौसमी परिस्थितियों के साथ ही तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत में हर साल अधिकतम बिजली की मांग बढ़ रही है।

# शक्कर में मजबूती, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनों में सुधार, दालें सस्ती, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर मजबूत बनी रही। खाद्य तेलों में भाव तेजी लिए रहे। कारोबार में ? सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहन में उठाव बना रहा। मंडी बंद रही। दालें घटकर बिकी। चावल में उठाव सामान्य वत बना रहा।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव उछाल लिए रहे। आज शक्कर में 40 रुपये बढ़े। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से बना रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग साधारण बताई गई।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज पूर्व स्तर पर थमा रहा।

### दाल-दलहन

मंडी बंद रही। प्रायवेट में हुए सौदों में दलहन मजबूती लिए बताए गए। आज चना कांटा महंगा होकर बिका। दालों में नरमी दर्ज की गई। चावल में उठाव बढ़ा बताया गया।

### किराना

शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2550 से 4600 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 175 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।



### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5500 से 5600, सोयाबीन 4600 से 4650 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1480 से 1500, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 945 से 950 साल्वेंट 895 से 900, पाम तेल 1000 से 1005 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6100 से 6125, चना विशाल 5800 से 5925, मसूर 5950 से 6000, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 8700 से 9000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7900 से 8400, तुअर दाल सवा नंबर 15200 से 15300, तुअर दाल फूल 16200 से 16300, तुअर दाल बोल्ड 17100 से 17200, आयातित तुअर दाल 14200 से 14300, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10400 से 10700, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4100 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई । विदेशी बाजार के सकारात्मक रुझान की बदौलत स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, रियल्टी, टेक और यूटिलिटीज समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 89.83 अंक चढ़कर 73,738.45 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत उछलकर 40,584.17 अंक और स्मॉलकैप 1.05 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,492.21 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2338 में लिवाली जबकि 1475 में बिकवाली हुई वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 24 कंपनियां हरे जबकि 25 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 16 समूहों में तेजी रही। इससे दूरसंचार 4.27, रियल्टी 2.42, टेक 1.23, यूटिलिटीज 0.95, कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, एएफएमसीजी 0.80, वित्तीय सेवाएं 0.16, इंडस्ट्रियल्स 0.55, आईटी 0.42, ऑटो 0.48, बैंकिंग 0.18, कैपिटल गुड्स 0.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.82, पावर 0.56 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहे।

विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.81, जापान का निक्केई 0.30, हांगकांग का हैंगसेंग 1.92 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.74 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 400 अंक की तूफानी तेजी के साथ 74,048.94 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,059.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,688.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ अंत में यह पिछले दिवस के 73,648.62 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 73,738.45 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 111 अंक उछलकर 22,447.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,447.55 अंक के उच्चतम जबकि 22,349.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,336.40 अंक की तुलना में 0.14 प्रतिशत बढ़कर 22,368.00 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 3.38, नेस्ले इंडिया 1.77, मारुति 1.53, एचसीएल टेक 1.42, टाटा मोटर्स 1.34, एशियन पेंट 1.14, एनटीपीसी 1.12, एसबीआई 1.03, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.90, इंफोसिस 0.64, पावरग्रिड 0.51, आईसीआईसीआई बैंक 0.29, टीसीएस 0.23 और विप्रो 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 3.63, रिलायंस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.00, टेक महिंद्रा 0.63, बजाज फाइनेंस 0.58, टाटा स्टील 0.46, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, बजाज फिनसर्व 0.40, अल्ट्रासिमको 0.38, एचडीएफसी बैंक 0.34, इंडसइंड बैंक 0.18 और एलटी के शेयर 0.09 प्रतिशत गिर गए।

# सी-डॉट और आईआईटी, जोधपुर ने किया समझौता

नयी दिल्ली। दूरसंचार विभाग (डीओटी) के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी-डॉट और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर ने एआई का उपयोग करके 5जी और उससे आगे के नेटवर्क में स्वचालित सेवा प्रबंधन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते पर डीओटी के टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (टीटीडीएफ) के तहत हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसे ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में किफायती ब्रॉडबैंड और मोबाइल सेवाओं को सक्षम करने के लिए प्रौद्योगिकी डिजाइन, विकास, दूरसंचार उत्पादों के व्यावसायीकरण और समाधान में कार्यरत घरेलू कंपनियों और संस्थानों को वित्त पोषण सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इसका मुख?य उद्देश्य 5जी जैसे नेटवर्क में सृजित हो रही निरंतर जानकारी का उपयोग करके स्वचालित नेटवर्क प्रबंधन, गलती का पता लगाने और निदान तकनीकों के लिए एआई ढांचे को विकसित करना है।

यह सेवा स्मार्ट मीटरिंग, रिमोट से संचालित वाहनों आदि जैसे विशिष्ट एप्लिकेशन के संयोजन में विकसित स्वचालित नेटवर्क प्रबंधन और स्लाइसिंग तकनीकों के प्रदर्शन के लिए एक वास्तविक समय 5जी और उससे आगे टेस्टबैड (ओ-आरएएन के अनुपालन में) स्थापित करेगी।

इस समझौते के हस्ताक्षर समारोह में सी-डॉट के निदेशक डॉ. पंकज कुमार दलेला और डॉ. साई किरण, एमपीआर, सहायक प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग आईआईटी जोधपुर ने भाग लिया।

सी-डॉट और आईआईटी-जोधपुर ने बताया कि इस परियोजना के सफल समापन से परिवहन प्रणालियों, स्मार्ट शहरों के क्षेत्रों में नए उपयोग के मामले सक्षम होंगे और इससे भारत को भविष्य के 6जी दूरसंचार मानकों में बेहतर योगदान में मदद मिलेगी।

## नाबार्ड ने जारी की जलवायु रणनीति 2030

मुंबई। सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने जलवायु रणनीति 2030 दस्तावेज़ का अनावरण किया। मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार नाबार्ड के जलवायु रणनीति 2030 दस्तावेज़ को केंद्र सरकार के इस विशाल वित्तीय प्रतिष्ठान के अध्यक्ष शाजी के वी ने जारी किया। इस व्यापक रणनीति का उद्देश्य भारत की हरित परियोजनाओं के लिये कर्ज की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना है। हरित कर्ज की मांग अत्यधिक है लेकिन उसकी तुलना में भारत में इस तरह के वित्त की आवक काफी कम है। अनुमान है कि भारत को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये हरित परियोजनाओं के लिये 2030 तक संचयी रूप से 2.5 लाख करोड़ डॉलर से अधिक के हरित वित्तपोषण की जरूरत होगी। इसका अर्थ है कि इसके लिये सालाना लगभग 170 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। इसे देखते हुये वर्तमान हरित वित्त प्रवाह बहुत ही अपर्याप्त है। बयान के अनुसार 2019-20 तक, भारत ने हरित वित्तपोषण के तहत बाहर से लगभग 49 अरब डॉलर जुटाये थे, जो विशाल आवश्यकताओं के अंश मात्र के बराबर ही था। इस मांग को पूरा करने के लिये नाबार्ड की जलवायु रणनीति 2030 का लक्ष्य सभी क्षेत्रों में हरित ऋ्रण में तेजी लाना, व्यापक बाजार-निर्माण भूमिका निभाना, नाबार्ड का आंतरिक हरित परिवर्तन और रणनीतिक संसाधन जुटाना शामिल है।

# डेटा खपत में रिलायंस जियो दुनिया में नंबर एक ऑपरेटर

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली फर्म टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूसरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गयी है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से भी कम रही।




चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम डेटा खपत के मामले में तीसरे नंबर पर, तो भारत की एयरटेल चौथे नंबर पर रही।

रिलायस जियो के एक अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इस उछाल की मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार।

रिलायंस जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और जियो के कुल डेटा ट्रैफिक का करीब 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है। दूसरी तरफ जियो एयर फाइबर ने भी देश भर के 5,900 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं।

सोमवार को जारी तिमाही नतीजों में कंपनी ने जो आंकड़े मुहैया कराए हैं उनके मुताबिक जियो नेटवर्क पर प्रति ग्राहक मासिक डेटा खपत बढ़कर 28.7 जीबी हो गई है, जो तीन साल पहले केवल 13.3 जीबी थी। गौरतलब है कि 2018 में भारत में एक तिमाही का कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक मात्र 4.5 एक्साबाइट था।

# खराब मौसम और भू-राजनीतिक तनाव के कारण बढ़ सकती है महंगाई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अप्रैल बुलेटिन में मंगलवार को कहा गया कि खराब मौसम की स्थिति महंगाई का जोखिम पैदा कर सकती है। बुलेटिन में यह भी कहा गया कि लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव दिख सकता है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले दो महीनों में औसतन 5.1 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

### वास्तविक जीडीपी में तेजी बने रहने का अनुमान

आरबीआई की बुलेटिन में प्रकाशित स्टेट ऑफ द इकोनॉमी विषय पर एक लेख में आगे कहा गया है कि वैश्विक विकास की गति 2024 की पहली तिमाही में बनी हुई है, और विश्व व्यापार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बन रहा है। लेख में कहा गया है, भारत में मजबूत निवेश मांग और व्यापार व उपभोक्ता भावनाओं में तेजी की मदद से वास्तविक जीडीपी वृद्धि में तेजी की प्रवृत्ति आगे भी बनी रह सकती है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में भारत का सेवा निर्यात, पिछले 30 वर्षों (1993 और 2022 के बीच) में 14 प्रतिशत से अधिक की मजबूत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (छ्रत्र्र) से बढ़ा है। यह भारत के व्यापारिक निर्यात वृद्धि (10.7 प्रतिशत) के अलावा वैश्विक स्तर पर सेवा निर्यात की वृद्धि (6.8 प्रतिशत) से काफी अधिक है। इसी का नतीजा है कि विश्व सेवाओं के निर्यात में भारत के सेवा निर्यात की हिस्सेदारी वर्ष 1993 में 0.5 प्रतिशत से आठ गुना से अधिक बढ़कर वर्ष 2022 में 4.3 प्रतिशत हो गई। रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक लेख कहता है कि वर्ष 2024 के वसंत में गर्मी बनी हुई है। दरअसल इसका इशारा मार्च, 2024 के पिछले 170 साल का सबसे गर्म मार्च महीना होने की तरफ है।

### बढ़ती गर्मी के कारण मानसून से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने का जोखिम

डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने इस लेख में कहा है कि गर्मियों के दौरान महंगाई पर सावधानी से नजर रखनी होगी। मानसून के दस्तक देने से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों में अधिक गर्मी के कारण झटके लगने का अंदेशा है। लेख के मुताबिक, हालांकि निकट अवधि में प्रतिकूल मौसमी घटनाओं के साथ लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा हो सकता है।

आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि के रुझान में बदलाव के विस्तार के लिए स्थितियां बन रही हैं, जिसने 2021-24 के दौरान औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि को आठ प्रतिशत से ऊपर पहुंचाया है। लेख कहता है, अगले तीन दशकों में अपनी विकासपरक आकांक्षाओं को हासिल करने के लिए, भारतीय अर्थव्यवस्था को अगले दशक में अपने जनसंख्या संबंधी लाभों का फायदा उठाने के लिए 8-10 प्रति वर्ष की दर से बढ़ना होगा। भारत को जनसंख्या संबंधी लाभ वर्ष 2055 तक मिलता रहेगा।

इसमें कहा गया है कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। आरबीआई ने साफा किया है कि बुलेटिन के लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और ये भारतीय रिजर्व बैंक के आधिकारिक विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

# मजबूत घरेलू मांग भारत की विकास दर को सहारा दे रही

नई दिल्ली। घरेलू मांग से मिल रहे समर्थन को देखते हुए मॉर्गन स्टैनली भारत की मजबूत वृद्धि दर के प्रति आश्वस्त है। वैश्विक निवेश बैंकिंग फर्म ने कहा कि यह भारतीय विकास के दृष्टिकोण पर रचनात्मक बना हुआ है। मॉर्गन स्टैनली का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.8 प्रतिशत और 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहेगी।

फर्म के अनुसार देश में खुदरा महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए उठाए गए कदमों का लाभ मिलेगा। एजेंसी ने अनुमान जताया है कि 2024 की दूसरी तिमाही में खुदरा महंगाई दर पांच प्रतिशत के आसपास बनी रहेगी। वहीं साल की दूसरी छमाही यह कम होकर सालाना आधार पर 4.1 प्रतिशत पर पहुंच सकती है। एजेंसी को उम्मीद है अगले वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहेगी।

एजेंसी के अनुसार, देश का चालू खाता घाटा भी स्थिर रह सकता है। सेवा क्षेत्र में निर्यात बढ़ने से इसमें मदद मिलेगी। मॉर्गन स्टैनली के अनुसार 2025-26 में चालू खाता घाटा जीडीपी के 1-1.5 प्रतिशत के दायरे में रह सकता है जो कि नीति निर्माताओं के लिए राहत वाला स्तर होगा।

मौद्रिक नीति पर मॉर्गन स्टैनली ने उम्मीद जताई है कि नीतिगत दरें इस समय 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रहेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा वैश्विक मोर्चे पर फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों की कटौती में देरी करने, उत्पादकता वृद्धि में सुधार होने, बढ़ती निवेश दर और घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर रहने के कारण है।

मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के सदस्यों के लिए मुख्य चिंता बनी हुई है। एमपीसी ब्याज दरों में किसी भी कटौती के लिए आगे बढ़ने और अपना रुख ढीला करने से पहले महंगाई के मोर्चे पर आश्वस्त होना चाहती है। भारत की अर्थव्यवस्था 2022-23 में क्रमश: 7.2 प्रतिशत और 2021-22 में 8.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी। दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 2023-24 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण घरेलू मांग में आया उछाल रहा।

## शार्ट न्यूज

### सुनील नारायण ने आगामी टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को किया खारिज

कोलकाता। वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है। बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में नारायण ने कहा, मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं। लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज़ के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने राष्ट्रीय टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं और मैं उनको शुभकामना देना चाहूंगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में केकेआर के लिए खेल रहे सुनील नारायण शानदार फॉर्म में चल रहे है। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 महीनों से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं। 35 वर्षीय कैरेबियन खिलाड़ी फिलहाल आईपीएल 2024 में सबसे अमूल्य खिलाड़ी बने हुए हैं।

### गुकेश के प्रदर्शन से प्रभावित हुए कास्पारोव

नई दिल्ली। शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने पर बधाई दी और इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी की जमकर सराहना की। कास्पारोव ने कहा कि टोरंटो में भारत का भूकंप आ गया था। गुकेश ने टोरंटो में हुए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। कास्पारोव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट लिखकर गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जीत की बधाई दी। कास्पारोव ने लिखा, बधाई। टोरंटो में भारत का भूकंप आया और अब टेक्टोनिक प्लेट्स खिसक जाएंगी क्योंकि 17 साल के गुकेश विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को इस साल के आखिर में होने वाले मुकाबले में चुनौती देंगे। गुकेश विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय भी हैं। गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और टूर्नामेंट को 14 में से नौ अंकों के साथ समाप्त किया था।

### भारत के सबसे सफल स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

नई दिल्ली। भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

### इम्पैक्ट प्लेयर रूल के खिलाफ ऐरन फिंच




ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऐरन फिंच आईपीएल में इस्तेमाल हो रहे इम्पैक्ट प्लेयर रूल के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इससे खराब स्ट्रैटजी के साथ मैदान में उतरने वाली टीम की कमी उजागर नहीं होती। वहीं अच्छे से अच्छी स्ट्रैटजी बनाकर उतरने वाली टीम को फायदा नहीं मिलता। इस पर भारत के पूर्व खिलाड़ी सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल के कारण ही आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह जैसे खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म मिल सका। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिनों पहले कहा था कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल को हटा देना चाहिए। इससे शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा जैसे ऑलराउंडर्स को गेंदबाजी का मौका नहीं मिल पाता है। फिंच ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं है। इससे कप्तानों को स्ट्रैटजी बनाने में प्रॉब्लम होती है। दूसरी ओर बद्रीनाथ का मानना है कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल से अनकैप्ड प्लेयर्स को फायदा हुआ। आकाश मधवाल, शशांक, रमनदीप सिंह और आशुतोष जैसे प्लेयर्स इसी रूल के कारण 12वां प्लेयर बनकर IPL खेल पा रहे हैं।

### पुजारा ने काउंटी में ससेक्स को दिलाई जीत

टेस्ट स्पेशलिस्ट चेतेश्चर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-2 टूर्नामेंट में 86 और 44 रन की पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया है। पुजारा टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारतीय टीम के लिए आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जून 2023 को खेला था। वे इन दिनों इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-2 टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पुजारा ससेक्स की ओर से खेल रहे हैं। रविवार को ग्लूस्टरशायर और ससेक्स के बीच खेले गए टूर्नामेंट के 12वें मैच में पुजारा ने पहली पारी में शतक से चूक गए। उन्होंने पहली पारी में चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए क्रीज पर 219 मिनट तक समय बिताया। पुजारा ने 148 गेंदों में 8 चौके जड़ कर 86 रन बनाए। हालांकि वे शतक से चूक गए। उन्हें रन आउट होकर पवेलियन जाना पड़ा। ग्लूस्टरशायर की पहली पारी में 417 रन बनाने के बाद ससेक्स ने पहली पारी में 479 रन बनाए। दूसरी पारी में 44 रन बना कर पुजारा ने ससेक्स को जीत दिलाई। दूसरी पारी में ग्लूस्टरशायर की टीम दूसरी पारी में महज 205 रन पर ढेर हो गई। जवाब में 144 रनों को टारगेट का पीछा करने उरती ससेक्स की टीम 6 विकेट 155 रन पर गिर गए।

### मैक्रों ने गाजा संघर्ष विराम को तत्काल स्थायी रूप देने पर बल दिया



पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत की और गाजा में तत्काल और स्थायी युद्धविराम के लिए अपना आह्वान दोहराया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि 13-14 अप्रैल की रात ईरान द्वारा इज़राइल के खिलाफ शुरू किए गए हमले के बाद श्री मैक्रों ने इजरायली लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त किया। मैक्रों ने दक्षिणी गाजा के राफा में इजरायली हमले के प्रति अपना दृढ़ विरोध प्रदर्शित किया, जो गाजा में पहले से ही विनाशकारी स्थिति को और खराब कर देगा और इसे तनाव बढ़ने का खतरा बढ़ जाएगा।

# श्रीजा अकुला ने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व टेटे रैंकिंग हासिल की

लुसाने। श्रीजा अकुला अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) रैंकिंग में एक स्थान का छलांग लगाते हुए मंगलवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 38वीं रैंक हासिल की है। इसी के साथ वह शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई।

मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा एक स्थान आगे बढ़ीं, वहीं मनिका बत्रा, जो पिछले छह वर्षों से महिला एकल वर्ग में भारत की शीर्ष रैंक वाली खिलाड़ी थीं, दो स्थान नीचे खिसक गईं और वह वर्तमान में रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज हैं।

25 वर्षीय श्रीजा ने 2024 सत्र की मजबूत शुरुआत की। उन्होंने जनवरी में टेक्सास में डब्ल्यूटीटी फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 के फाइनल में यूएसए की लिली झांग को 3-0 (11-6, 18-17, 11-5) से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता था। श्रीजा ने फाइनल में लक्जमबर्ग की सारा डी नुट्टे को 3-1 (6-11, 12-10, 11-5, 11-9) से हराकर डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टू एकल खिताब भी अपने नाम किया था।

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फरवरी में बुसान में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के ग्रुप स्टेज में तब की विश्व नंबर 2 पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की वांग यिडी पर सीधे गेम (11-7, 11-9-13-11) में दमदार जीत हासिल की। श्रीजा दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं और उन्होंने 2022 में शरत कमल के साथ मिश्रित युगल में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक भी जीता था।



उन्होंने हाल ही में चीन के मकाओ में आईटीटीएफ विश्व कप 2024 के ग्रुप स्टेज में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी चेन मेंग से 3-1 (11-4, 11-4, 13-15, 11-2) से हारकर बाहर हो गई थीं। दूसरी ओर मनिका ने हाल ही में बहुत सारे फीडर टूर्नामेंट नहीं खेले हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें रैंकिंग अंकों का नुकसान हुआ है। श्रीजा के 529 की तुलना में उनके 526 रैंकिंग अंक हैं।

श्रीजा और मनिका दोनों सऊदी स्मैश 2024 में खेलेंगी। यह टूर्नामेंट एक मई से जेद्दा, सऊदी अरब में आयोजित किया जाएगा।

श्रीजा और मनिका के अलावा, यशस्विनी घोरपड़े (विश्व नंबर 99) और अर्चना कामथ (विश्व नंबर 100) महिला एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में अन्य भारतीय हैं। ओलंपियन सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी दोनों दो-दो स्थान खिसक कर क्रमश: 122वें और 137वें स्थान पर आ गई हैं।

पुरुष एकल में शरत कमल अभी भी विश्व में 37वें नंबर पर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। साथियान गणानाशेखरन एक स्थान छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए हैं और उन्होंने मानव ठक्कर को पीछे छोड़ दिया, जो रैंकिंग 61वें नंबर पर हैं। हरमीत देसाई को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह अब रैंकिंग में 64वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

मानव ठक्कर और मानुष शाह पुरुष युगल में 12वें स्थान पर हैं, वे जी साथियान और शरत कमल की अनुभवी जोड़ी से आगे हैं, जो 59वें स्थान पर हैं।

सुतीर्था और अयहिका मुखर्जी महिला युगल रैंकिंग में विश्व में 14वें स्थान पर हैं। श्रीजा अकुला और दीया चितले 28वें स्थान पर हैं जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामथ विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर मौजूद हैं।

मिश्रित युगल रैंकिंग में, साथियान और मनिका एक स्थान खिसक कर 19वें नंबर पर आ गए हैं। ठक्कर और कामथ विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर पर बने हुए हैं, जबकि चितले और शाह भी अपनी 38वें नंबर पर हैं।

## दोहा में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली असफलता

दोहा। आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ।

कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज - विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाये। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही। पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि ज़ोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं, उनके बाद नीरू, 107 के स्कोर के साथ 55वें और श्रेयसी सिंह, 106 के स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहीं। दोहा में भारतीय दल की असफलता का मतलब है कि भारत के पास आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धाओं में सिर्फ एक-एक निशानेबाज होंगे। भवनीश मेंदीरत्ता ने 2022 विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के ट्रैप में कोटा हासिल किया है, जबकि राजेश्वरी कुमारी ने 2023 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के ट्रैप में एक कोटा हासिल किया है।

### चमारी अटापट्टू एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची

दुबई। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था। एकदिवसीय में पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट में यह सफल लक्ष्य हासिल के दौरान दूसरा सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी था। ग्लेन मैक्सवेल ने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन के चलते चमारी ने आईसीसी की तालिका में अब तक की अपनी सबसे बड़ी रेटिंग (773) प्राप्त करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर लिया।

## नोवाक जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार



मैड्रिड। विश्व के नंबर-एक सार्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांचवी बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सोमवार को मैड्रिड के गैलेरिया डी क्रिस्टल में आयोजित एक शानदार समारोह में जोकोविच को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि साथी टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। पुरस्कार के बाद जोकोविच ने कहा, मैं अपना पांचवां लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। मैं 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, यह दर्शाता है एक ऐसा साल जो मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए ढेर सारा उत्साह और सफलता लेकर आया। उन्होंने कहा, मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना इतनी सफलता हासिल नहीं कर पाता, जिन्होंने हमेशा मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए प्रेरित किया है। अन्य सम्मानों में स्पेन की फुटबॉल स्टार एताना बोनमती को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्सवुमेन और विश्व कप जीतने वाली उनकी टीम को लॉरियस टीम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# ब्रिटेन की संसद ने पास किया रवांडा बिल

**अवैध शरणार्थियों को वापस अफ्रीका भेजेगा, मानव अधिकार संगठन बोले- ये गरीबों के साथ भेदभाव**




### मानव अधिकार संगठनों ने ब्रिटेन पर सवाल उठाए

यूरोप की मानवाधिकार संगठनों ने ऋषि सुनक के रवांडा बिल की आलोचना की है। उनके मुताबिक ये बिल राइट टू लिव यानी रहने के अधिकार के खिलाफ है। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सरकार पर कोर्ट का आदेश का पालन न करने के आरोप लगाए हैं। मानव अधिकार संगठनों का कहना है कि बिल अमीर और गरीब में फर्क करता है। बिल लोगों के बीच भेदभाव बढाएगा। इससे अवैध शरणार्थियों पर सरकार जुर्म करेगी। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इस साल फ्रांस और ब्रिटेन के बीच बने इंग्लिश चैनल को पार कर ब्रिटेन पहुंचने वालों की संख्या 4600 से अधिक है। इसके अलावा आज इस चैनल को पार करने में पांच लोगो ने अपनी जान गंवा दी। जान गंवाने वालों में सात साल की एक बच्ची भी थी।

ब्रिटेन की संसद ने मंगलवार (23 अप्रैल) विवादित रवांडा डिपोर्टेशन बिल को पास कर दिया है। इस बिल का मकसद ब्रिटेन से अफ्रीका के शर्णार्थियों को वापस उनके देश भेजना है। इसके पास होने के बाद सरकार ब्रिटेन में रह रहे अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजना शुरू कर देगी।

रवांडा मध्य-पूर्व अफ्रीका का एक देश है। बीबीसी के मुताबिक, इस बिल को 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन रवांडा के साथ हुए एक समझौता के बाद लाए थे। इस समझौते के मुताबिक, ब्रिटेन की सरकार रवांडा को अवैध शरणार्थियों के लिए 3 हजार करोड़ रुपए देगी। इस रुपए से रवांडा शरणार्थियों के लिए घर और रोजगार की व्यवस्था करेगा।

बिल के पास होने पर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि 10 से 12 हफ्तों के भीतर ब्रिटेन से अवैध शरणार्थियों के पहले जत्थे को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा।

### बिल से ऋषि सुनक को फायदा होगा

ब्रिटेन इन दिनों आर्थिक संकट और अवैध शरणार्थियों से जुझ रहा है। ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी देश में बेरोजगारी और मंहगाई को अवैध शरणार्थियों से जोड़ती है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक रवांडा बिल पास होने से ब्रिटेन में 2025 में होने वाले प्रधानमंत्री के चुनाव में ऋषि सुनक को फायदा हो सकता है।

2019 में ब्रिटेन में हुई प्रधानमंत्री के चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी ने रवांडा बिल का वादा किया था और ऋषि सुनक इसी पार्टी से आते हैं। हालांकि, जून 2022 में रवांडाबिल को यूरोपीयन युनियन की कोर्ट ने गैरकानूनी बताया था। बाद में यूरोपीय यूनियन से ब्रिटेन के अलग होने के बाद मामला वहां की सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट ने भी यूरोपीयन यूनियन के फैसले को बरकरार रखा था। लेकिन, अब बिल को संसद से पास होते ही कानून बन गया है।

## ईरान ने कश्मीर पर नहीं दिया पाकिस्तान का साथ

**पीएम शहबाज ने गाजा से की कश्मीर की तुलना, ईरानी राष्ट्रपति ने नजरअंदाज किया**

इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने पाकिस्तान का कश्मीर मुद्दे पर साथ नहीं दिया। दरअसल, रईसी 3 दिन के दौरे पर पाकिस्तान में हैं। सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बैठक के दौरान रईसी के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाया।

गाजा में मौजूदा हालातों की तुलना कश्मीर से करते हुए शरीफ ने कहा, कश्मीर के हित में आवाज उठाने के लिए मैं आपका और ईरान के लोगों का शुक्रिया अदा करता हूं। हालांकि, शहबाज के बयान का ईरान के राष्ट्रपति ने कोई जवाब नहीं दिया।

अपने संबोधन के दौरान रईसी ने सिर्फ फिलिस्तीन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ईरान फिलिस्तीनियों के हित के लिए लड़ता रहेगा। रईसी ने कश्मीर का कोई जिक्र नहीं किया। कश्मीर पर ईरानी राष्ट्रपति की चुप्पी



को पाकिस्तान में शहबाज के लिए अपमानजनक बताया जा रहा है।

ईरान के राष्ट्रपति के पाकिस्तान दौरे के बीच तेहरान में भारतीय दूतावास ने भी मंगलवार को भारत-ईरान के रिश्तों को लेकर बयान जारी किया। एम्बेसी ने कहा, भारत और ईरान के रिश्तों का लंबा इतिहास रहा है। दोनों देश कॉमर्शियल कनेक्टिविटी और कई दूसरे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर लगातार काम कर रहे हैं।

### पाकिस्तान से रिश्ते सुधारना चाहता है ईरान

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरानी राष्ट्रपति के पाकिस्तान दौरे का मुख्य एजेंडा दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारना है। दरअसल, जनवरी 2024 में ईरान और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। इससे दोनों के संबंधों में खट्टास आई थी। इसके बाद ही ईरान के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का दौरा करने का फैसला किया था।

अब ईरानी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी, उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल और एक बिजनेस डेलिगेशन भी पाकिस्तान की यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान कई नेताओं से ईरानी राष्ट्रपति व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत करेंगे।

## चीन ने भीषण आग की घटना को लेकर 42 अधिकारियों को किया दंडित

ताइयुआन। चीन ने उत्तरी प्रांत शांक्सी में एक कोयला कंपनी की इमारत में पिछले साल लगी भीषण आग की घटना की जांच के बाद 42 सरकारी अधिकारियों को दंडित किया है। यह जानकारी मंगलवार को जारी जांच रिपोर्ट में दी गयी है। आग लगने की यह घटना ल्युलियांग शहर के लिशी जिले में हुई, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गयी थी और 38 अन्य घायल हो गये थे। गत 16 नवंबर को निजी क्षेत्र की कोयला खदान कंपनी योंगजू की इमारत की दूसरी मंजिल के शौचालय में सबसे पहले आग लगी, जो बाद में दूसरी जगहों पर भी फैल गयी। रिपोर्ट में बताया गया कि जांच के बाद इस दुर्घटना में अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार पाए गए विभिन्न सरकारी विभागों के 42 अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गयी है।

### एशियाई देश तेजी से अत्याधिक गर्म मौसम की चपेट में

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एवं जलवायु एजेंसी ने चिंता व्यक्त करते हुये कहा है कि एशियाई देशों में लू का प्रभाव अत्याधिक गंभीर होता जा रहा और ग्लेशियरों के पिघलने से आने वाले दिनों में क्षेत्र में भीषण जल संकट पैदा होने का खतरा पैदा हो जायेगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के प्रमुख सेलेस्टे साउलो ने एक बयान में कहा कि एशियाई देशों में पिछले कुछ वर्षों में लगातार लू असर बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्लेशियर पिघलने के कारण भविष्य में जल सुरक्षा का खतरा बन गया है। एशिया देशों का पिछले साल तापमान 1961 से 1990 के औसत से लगभग दो डिग्री सेल्सियस अधिक था, जिससे यहां 2023 में सबसे गर्म स्थान रहा। उन्होंने बताया कि पिछले साल एशिया दुनिया का सबसे अधिक आपदा प्रभावित क्षेत्र था। दक्षिण-पश्चिम चीन वर्षा का स्तर कम होने से सूखे से पीड़ित है। तिब्बती पठार पर केन्द्रित हाई-माउंटेन एशिया क्षेत्र में ध्रुवीय क्षेत्रों के बाहर बर्फ की सबसे बड़ी मात्रा मौजूद है। डब्ल्यूएमओ ने कहा, इस क्षेत्र के 22 ग्लेशियरों में से 20 को पिछले साल लगातार बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल, 2023 में उत्तर-पश्चिम प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान रिकॉर्ड पर सबसे अधिक था। एशिया में 80 प्रतिशत से अधिक बाढ़ और तूफान सहित 79 आपदाएं दर्ज की गईं। इससे करीब 90 लाख लोग प्रभावित हुये। दो हजार से अधिक मौतें हुईं।

### अमेरिका में गाजा संघर्ष को लेकर छात्रों का प्रदर्शन, बड़े पैमाने गिरफ्तारियां

वाशिंगटन। अमेरिका के कोलंबिया और येल समेत कई विश्वविद्यालयों में गाजा में इजरायल के हमलों के खिलाफ छात्रों का विरोध प्रदर्शन फैल गया है और अधिकारी प्रदर्शनकारी छात्रों को शांत करने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में सोमवार रात छात्रों के एक विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस को दखल देना पड़ा और इस सबंध में कई गिरफ्तारियां की गयी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि येले विश्वविद्यालय के कई छात्रों को दिन की शुरुआत में गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि कोलंबिया ने कक्षाएं रद्द कर दीं। इसी तरह बर्कले, एमआईटी और देश भर के अन्य शीर्ष कॉलेजों में भी विरोध के स्वर उभरे और छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किये। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास की ओर से इज़रायल पर रॉकेट दागे गए इसके बाद इज़रायल-गाजा युद्ध और मुक्त भाषणों, प्रदर्शनों और गरमागरम बहस ने अमेरिकी विश्विविद्यालयों के परिसरों को हिलाकर रख दिया है। अमेरिका में दोनों पक्षों के छात्रों का मानना है कि तब से यहूदी विरोधी और इस्लामोफोबिक दोनों तरह घटनाओं में इजाफा हुआ है। राष्ट्रपति जो बाइडेन से कल विश्वविद्यालय कैम्पस में विरोध प्रदर्शनों के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने यहूदी विरोधी प्रदर्शनों के साथ-साथ उन लोगों की भी निंदा की जो यह नहीं समझते कि फ़िलिस्तीनियों के साथ क्या हो रहा है।

### मैक्रों ने गाजा संघर्ष विराम को तत्काल स्थायी रूप देने पर बल दिया

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत की और गाजा में तत्काल और स्थायी युद्धविराम के लिए अपना आह्वान दोहराया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि 13-14 अप्रैल की रात ईरान द्वारा इज़राइल के खिलाफ शुरू किए गए हमले के बाद श्री मैक्रों ने इजरायली लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त किया। मैक्रों ने दक्षिणी गाजा के राफा में इजरायली हमले के प्रति अपना दृढ़ विरोध प्रदर्शित किया, जो गाजा में पहले से ही विनाशकारी स्थिति को और खराब कर देगा और इसे तनाव बढ़ने का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने गाजा पट्टी में सभी पहुंच मार्गों के माध्यम से मानवीय सहायता की पहुंच बड़े पैमाने पर करने की गारंटी देने की पूर्ण तात्कालिकता की भी बात की तथा सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की फ्रांस की प्राथमिकता पर बल दिया। मैक्रों ने दोहराया कि मध्य पूर्व में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र उपाय है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# रतन टाटा को प्रतिष्ठित 'केआईएसएस' मानवतावादी पुरस्कार दिया गया

भुबनेश्वर। प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी, टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा को आज प्रतिष्ठित 'केआईएसएस' मानवतावादी पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह मुंबई में उनके आवास पर आयोजित किया गया था , जो सामाजिक विकास और अनुकरणीय कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस समारोह में टाटा समूह के अध्यक्ष एन.चंद्रशेखरन और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज सहित अन्य लोग उपस्थित थे। यह पुरस्कार केआईआईटी और 'किस' के संस्थापक अच्युत सामंत द्वारा प्रदान किया गया। कई सालों से स्वास्थ्य कारणों से, रतन टाटा सार्वजनिक उपस्थिति से बचते रहे हैं, जिसके कारण उनके घर पर समारोह की निजी व्यवस्था की गई है।



आमतौर पर प्रशंसा स्वीकार करने में संकोच करने वाले रतन टाटा, 'केआईएसएस' मानवीय सम्मान के महत्व को पहचानते हुए, अच्युता सामंत के व्यक्तिगत अनुरोध के बाद इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए सहमत हुए। इस पुरस्कार की घोषणा 2021 में की गई थी, लेकिन तब टाटा COVID महामारी के कारण यह पुरस्कार प्राप्त करने में असमर्थ थे ।

अपनी स्वीकृति में टाटा ने 'केआईएसएस' और इसके संस्थापक के प्रति आभार व्यक्त किया। मैं यह सम्मान पाकर बेहद खुश हूं। यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है, उन्होंने टिप्पणी की।

डा0 सामंत ने कहा, रतन टाटा भारत में एक सम्मानित नाम है, और वह वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। आज उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।


उन्होंने कहा, रतन टाटा के सामाजिक कार्य और नेतृत्व ने मुझे बचपन से ही प्रभावित किया है। मैं छोटी उम्र से ही उनका सम्मान करता रहा हूं और उन्हें पसंद करता रहा हूं। मेरे पिता टाटा कंपनी के कर्मचारी थे। तब से, मैं रतन टाटा का सम्मान करता हूं और उन्हें पसंद करता हूं। जब मैं सिर्फ चार साल का था, मेरे पिता की एक ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

2008 में अच्युता सामंता द्वारा शुरू किया गया, 'केआईएसएस' मानवतावादी पुरस्कार केआईआईटी और 'केआईएसएस' का सर्वोच्च सम्मान है जो दुनिया भर में मानवीय कार्यों की भावना को मूर्त रूप देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देने के लिए समर्पित है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के पिछले प्राप्तकर्ताओं में वैश्विक नेताओं का एक विविध समूह, नोबेल पुरस्कार विजेता और विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्ति शामिल हैं, जो इस पुरस्कार की व्यापक अंतरराष्ट्रीय अपील और सम्मान को प्रदर्शित करते हैं।

इस अवसर पर 'केआईएसएस' के लगभग 40,000 छात्रों ने रतन टाटा के स्वस्थ, लंबे और रोग मुक्त जीवन की कामना की।

# किशोरों के उम्र निर्धारण में पक्षकारों पर निर्भर न रहे बोर्ड

एजेंसी




प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने किशोरों की उम्र निर्धारण मामले में किशोर न्याय बोर्ड को नसीहत दी है।

अदालत ने कहा कि है कि किशोरों के उम्र निर्धारण में उसे पक्षकारों पर निर्भर रहने की बजाय खुद पहल करते हुए सबूत एकत्र करने चाहिए क्योंकि, अंतिम जिम्मेदारी उसी की है। अदालत ने सबूतों की कमी पर संज्ञान नहीं लिया और केवल चिकित्सकीय साक्ष्य को ही उम्र का निर्णायक प्रमाण माना, जिससे किशोर को वयस्क मानने की गलती हुई।

न्यायालय ने सत्र न्यायालय के एक अक्तूबर 2022 के आदेश को रद्द कर दिया और नियमानुसार फिर से विचार के लिए किशोर न्याय बोर्ड को वापस भेज दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा ने मेरठ के किशोर की पुनरीक्षण अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।

अदालत ने कहा कि अदालत के पास उम्र को कम करने या कुछ मार्जिन के साथ बढ़ाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसा कोई पूर्ण कानून नहीं है कि सभी मामलों में अन्य साक्ष्यों की अनदेखी करते हुए चिकित्सा प्रमाणपत्र को आयु से दो वर्ष या एक वर्ष अनिवार्य रूप से कम किया जाए। फिर चाहे वह चिकित्सा आयु का खंडन करने वाली हो या पुष्टि करने वाली हो।

मेरठ सत्र अदालत ने मेरठ में हुए बलवा व हत्या मामले में याची/किशोर को वयस्क मानते हुए ट्रायल चलाने का आदेश दिया था। किशोर न्याय बोर्ड ने भी उसे अपने 27 अगस्त 2022 के आदेश में वयस्क माना था।

कहा गया कि वह स्कूल के रिकॉर्ड में अवस्यक है। उसकी आयु 16 वर्ष छह महीने दर्ज है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर 18 वर्ष से अधिक आयु का माना और ट्रायल कोर्ट को स्थानांतरित कर दिया।तथा , उम्र निर्धारण करने के लिए मामले को फिर से किशोर न्याय बोर्ड के पास भेज दिया है।

# राम की नगरी में धूमधाम से मनायी गयी हनुमान जयंती

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर एवं प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनायी गयी। हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी ने आज यहां बताया कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य बन रहे राम मंदिर में विराजमान रामलला के पहली बार प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जयंती को बड़ी धूमधाम के साथ संत-धर्माचार्य व श्रद्धालुओं ने मनाया। उन्होंने बताया कि आज सुबह से ही श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान करने के बाद प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर हनुमानजी का मत्था टेकने के बाद भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ था। हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जयंती पर दर्शन पाने के लिये अपार भीड़ उठी। उसके बाद राम मंदिर में विराजमान रामलला का श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। आज जयंती के दिन प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में और रामलला मंदिर में भव्य श्रृंगार किया गया और विशेष पूजा-पाठ कर आरती भी की गयी। जिला प्रशासन ने हनुमान जयंती को लेकर के पिछले दो दिन से सुरक्षा व्यवस्था और प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर के साथ-साथ राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन श्रद्धालुओं को सुलभ कैसे हो इसकी तैयारियों में जुटा हुआ था। प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में बैरीकेडिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा था और रामलला में जो व्यवस्था श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बनाया था उसी के अनुसार श्रद्धालु दर्शन कर रहे थे।

# किसानों को नजरअंदाज कर नहीं कर पायेगा कोई

बागपत। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अब देश में कोई भी राजनैतिक दल किसानों की अनदेखी कर राजनीति नहीं कर पायेगा।

बडौत नगर के जनता वैदिक कॉलेज मैदान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि पहले देश में जगह जगह धमाके होते रहते थे, जिसमें लोग भयभीत रहते थे और जान भी गंवानी पड़ती थी, लेकिन अब देश में कहीं भी तेज आवाज में पटाखा फटता है तो पाकिस्तान अपनी बेगुनाही की सफाई देता हुआ नजर आता है।

दूसरी ओर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) सुप्रीमो चौधरी जयन्त सिंह ने कहा कि चौधरी साहब की राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए आरएलडी व भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को जिताना जरूरी है। योगी आदित्यनाथ और चौधरी



जयंत सिंह के साथ ही चारू चौधरी ने आज एक साथ मंच से वोटरों को साधा। दोनों ही जनसभा में एकसाथ पहुंचे, जबकि योगी उनके बाद जनसभा स्थल पहुंचे। जनसभा स्थल पर भारी संख्या में भाजपा व रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां समर्थक योगी मोदी और जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखे।

बागपत लोकसभा सीट से रालोद प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान भी मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने एनडीए समर्थित प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट मांगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह ने जिन मूल्यों और आदर्शो के लिए राजनीति की थी, वे अब धरातल पर नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का सम्मान किया गया। अब किसानों को नजरअंदाज कर कोई राजनीति नहीं कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्यों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन कर एक मंच पर आ गये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश में सरिया कानून लाने की तैयारी है, जो तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं। योगी ने कहा कि साठ साल तक देश की सत्ता में रहने वाले अब गरीबी दूर करने का नारा दे रहे हैं। सपा ने अपने परिवार वालों को टिकट बांट दिये। उन्होंने कहा कि देश में धमाके होने बंद हो गये हैं।

वहीं चौधरी जयन्त सिंह एवं चारू चौधरी ने अपने संयुक्त बयान में मंच से आहवाहन किया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को जिताना जरूरी है। हमारा दल किसी जात-पात व विशेष समाज की बात नहीं करता। हमें सभी वर्गो एवं जातियों को साथ लेकर चलना है। इसीलिए एनडीए का नारा है सबका साथ सबका विकास।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के बीच आपसी फूट है, जो स्वयं एकजुट नहीं है वो देश का क्या भला कर सकते है। इस दौरान विधायक डॉ अजय कुमार, मदन भैया, राज्यमंत्री केपी मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं रालोद जिलाध्यक्ष आदि सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा संविधान बदलने पर आमादा : शिवपाल

इटावा। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह ने कहा कि देश गंभीर संकटों से घिरा हुआ है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान बदलने की फिराक में है।

अपने निर्वाचन क्षेत्र जसवंत नगर के रामलीला मैदान में मैनपुरी संसदीय सीट की उम्मीदवार डिंपल यादव के समर्थन में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होने कहा मोदी राज में देश पर संकट दर संकट गहराता चला जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी का हर नेता अपने संबोधन में संविधान बदलने की बात लगातार कह रहा है। भाजपाने 400 पार का नारा केवल इसीलिए दिया हुआ है ताकि आसानी से संविधान को बदला जा सके लेकिन वो यह बात नही जानते कि उनकी कलई अब खुल चुकी है और 400 पार तो दूर सत्ता में आना भी भाजपा के लिए मुश्किल हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश पर यह संकट ऐसे ही नहीं आया है बल्कि इसके पीछे वाकई में अगर कोई जिम्मेदार है तो



केंद्र में काबिज मोदी सरकार असल में देश पर आए संकट के लिए जिम्मेदार है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को गरीबों,किसानों और नौजवानों की कोई चिंता नहीं है, वह केवल अपना स्वार्थ देखने में जुटी हुई है।

उन्होंने कहा कि वो नही जानते थे कि उन्हें बदायूँ से चुनाव लड़ना पड़ेगा लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें टिकट दे दिया लेकिन वहां के युवाओं की मांग पर आदित्य यादव को लड़ाना पड़ा है। भाजपा पूरी तरह से बेईमानी पर उतारू है, ये इतने भ्रष्टाचार में है कि देश के कुछ पूंजीपतियों का ही काम करते है।देश की सारी संपत्तियां पूंजीपतियों के हवाले कर दी गई।

यादव ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बांड के जरिये भाजपा के भ्रष्टाचार का खुलासा किया है, जिसमे साफ साफ देखा गया है कि भाजपा के लोग कमीशन लेकर अमीरों को लाभ पहुंचा रहे है।

भाजपा के लोग हर बात पर हिन्दू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद के अलावा देश के लिये कोई काम नहीं कर रहे है।

शिवपाल सिंह यादव ने अपने कार्यकर्ताओं से हाथ उठाकर के डिंपल यादव को पहले से अधिक मतों से जीतने का भरोसा लिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि इस समय भीषण गर्मी तो चली रही है इसके अलावा गेहूं की भी कटाई करने में हमारे किसान लगे हुए हैं लेकिन इसके बावजूद चुनाव में बहू डिंपल यादव एक बार फिर से उतरी हुई है। पिछले चुनाव में डिंपल यादव को जसवंतनगर विधानसभा से एक लाख 6000 के आसपास मत मिला था इस रिकार्ड को सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर के अबकी बार तोड़ना है।

उन्हें पता है कि जसवंत नगर विधानसभा के कार्यकर्ता वाकई में जुझारू तो है ही लगन सील और मेहनतकश भी है।

उन्हें जसवंत नगर विधानसभा से 93000 वोट मिले तो डिंपल के खाते में एक लाख 6000 मत पहुंचे इसलिए कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत करने की वाकई में जरूरत है ताकि डिंपल यादव को मिले पुराने मतों का रिकॉर्ड हर हाल में तोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि अगर हो सके तो डिंपल यादव को 1लाख 25000 के आसपास वोट अकेले जसवंत नगर विधानसभा से दिलाने की कार्यकर्ता कोशिश करें अगर यह रिकॉर्ड संभव न हो तो कम से कम एक लाख 11000 वोट तो जरूर ही दिलवाए।

किसानों की बदहाली की चर्चा करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने अच्छे दिन लाने का वादा किया था। 15 15 लाख रुपए हर किसी को देने का भरोसा दिया था। किसानो की आय दुगनी करने का भी वादा किया गया था लेकिन ऐसा कोई भी वादा भारतीय जनता पार्टी पूरा नहीं कर पाई है।

# पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ सैफई है

मैनपुरी। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी जयवीर सिंह ने मंगलवार को परिवारवाद को लेकर समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुये कहा कि पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ सैफई है। सिंह ने मंछना गाँव में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा हम तो बार बार कहते हैं और मेरी आशंका सही साबित हुई । इनका पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ सैफई है, इसके अलावा किसी के पास कुछ नहीं है। यादवों को भी पल्ले नहीं पड़ रहा है। घोसी कमरिया में किसी को कुछ नहीं मिलना है क्योंकि परिवार में ही तीसरी पीढ़ी प्रवेश कर रही है। अखिलेश जी की बेटी भी चुनाव में प्रवेश कर चुकी है इसका मतलब साफ है परिवार से कुछ बचना नहीं है। ना यादव को कुछ पल्ले पड़ेगा ना किसी अन्य को कुछ पल्ले पड़ेगा। उन्होने कहा उत्तर प्रदेश के लोगों ने भी परिवार को सिमटाने के लिए जीरो नंबर से पास करने का प्रयास किया है। यह जीरो पर आउट होंगे एक भी सांसद इनका नहीं आने वाला है। 80 की 80 सीट बीजेपी जीतेगी, कमल खिलेगा चाहे उनके परिवार के जितने भी लोग लड़ रहे हो। शुरुआत मैनपुरी से होगी जहां भी उनकी पार्टी लड़ेगी और जीरो पर आउट होगी। योगी के मंत्री ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन पार्टी की प्राथमिकता में है। यह पार्टी का स्टैंड है क्योंकि लोकतंत्र में चुनाव आते रहते है गांव का प्रधान,ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत, एमएलए, एमपी इसके लिए कमेटी गठित की जा चुकी है। पार्टी के एजेंडे में वन नेशन वन इलेक्शन एक देश एक चुनाव शामिल है। इसका स्वागत सब को करना चाहिए। चुनाव में ऊर्जा पैसा सरकारी मशीनरी इन सब का उपयोग चुनाव में होता है इसलिए ऊर्जा और खर्चे की बचत होगी इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन लागू होते है सारी चीजों की बचत होने के साथ राष्ट्र हित के लिए बहुत बेहतर होगा।

# प्रयागराज में बीएसएनएल भवन में लगी भीषण आग

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सिविल लाइन्स स्थित भारत संचार निगम (बीएसएनएल) भवन परिसर में ट्राँसफार्मर में आग लगने से सभी सेवाएं पूरी तरह ठप्प हो गयी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को भारत संचार निगम (बीएसएनएल) के ट्राँसफार्मर में आग लग गयी। आग की लपटे प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल तक पहुंच गयी। फायर ब्रिगेड की चार गाडियां मौके पर पहुंची। उन्होंने करीब पांच घंटे के अथक परिश्रम के बाद आग पर करीब सुबह 10 बजे काबू पाया गया।

आफिसों में लगे ब्राडबैंड भी ध्वस्त हो गए। आग के कारण बीएसएनएल के टावर में लगे केबल बुरी तरह जलकर नष्ट हो गए हैं।

उन्होने बताया कि अग्निशमन अधिकारियों द्वारा निगम के अधिकारियों को प्लाई लगी बन्द खिडकियों को खुले रहने एवं दीवार के पास लगे जनरेटर को अन्यत्र स्थापित करने की सलाह दी गयी थी लेकिन उसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# समान नागरिकता कानून के लिए भाजपा को चाहिये 400 पार : केशव

फर्रुखाबाद ।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश में समान नागरिकता कानून लाने के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 400 पार चाहिए।

मौर्य ने मंगलवार को महाभारत कालीन गुरगायन देवी मंदिर के निकट भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद मुकेश राजपूत की नामांकन सभा को संबोधित करते हुये कहा कि देश के जिन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। चार जून के बाद ऐसे तीन करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिलेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक देश एक चुनाव' की पहल की, इसके साथ ही



सबके लिए ,एक कानून हो, समान नागरिकता लाने के लिए 400 पार चाहिये।

कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने की प्रशंसा करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि पाक के कब्जे वाला कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है और हमारी सरकार जब तक वहां तिरंगा नहीं फहरा लेती, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। भारत पर आज दुनिया की नजर है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता हैं इसीलिए भारत का दुनिया में डंका बज रहा है।,

कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह वही भारत है जो कांग्रेस के नेतृत्व में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सका, 10 साल मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढा हैं, । मोदी की गारंटी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान से, तीसरी बार मोदी के प्रधान मंत्री बनते ही,तीसरे स्थान पर अर्थव्यवस्था होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहां कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सारे भ्रष्टाचारी नाराज हो गए, भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए यह कदम उठाया गया। उन्होंने कहा यदि आप सबने मोदी को प्रधानमंत्री नहीं बनाया होता तो पात्र 52 करोड़ देशवासियों को जन धन योजना खातों का लाभ नहीं मिल सकता था, इन खातों के खुलने से दलाली बंद हो गई उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 34 लाख करोड़ मे से 5 लाख करोड़ ही जनता के पास पहुंचता और 29 लाख करोड़ सपा बसपा कांग्रेस डकार जातीऔर किसी को पता भी नहीं चलता और कोई जांच भी नहीं होती।

मौर्य ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश एवं देश में 2047 तक भाजपा सरकार रहेगी।

## शार्ट न्यूज

### बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता जरूरी

ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जनपद ललितपुर के लोगो से अपील की जाती है कि बाल विवाह एक कुप्रथा है। बाल विवाह न होने दे, न ही करवायें। शादी के लिये लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। बताया गया है। कि सामान्यतया समाज में लड़कियों को बोझ के रूप में देखा जाता है और समाज की रूढ़िवादी परम्परा के कारण लड़कियों की शादी जितनी जल्दी हो सके करा दी जाती है। शिक्षा की कमी और कानूनी जानकारी के अभाव के कारण भी बाल विवाह होते है। बाल विवाह कराने वाले और बाल विवाह में शामिल होने वालो व्यक्तियों जैसे- पण्डित, मौलवी, पादरी, पिता एवं रिश्तेदार, दोस्त इत्यादि के विरूद्ध दण्ड के रूप में दो साल का कठोर कारावास अथवा रू0 एक लाख जुर्माना या दोनो का प्रावधान है। इस तरह के बाल विवाह का दुष्परिणाम यह होता है कि कम उम्र में बाल विवाह करने सें लड़कियां परिपक्व न होने के कारण ज्यादा बच्चे भी पैदा हो जाते है और बच्चे कुपोषित पैदा होते है। जिससे जनसंख्या वृद्धि भी होती है। बाल विवाह एक ज्वलंत मुद्दा है। इस प्रकार का मामला आने पर उसे पुलिस विभाग, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन 1098, पुलिस हेल्पलाईन नम्बर 112, 1090, 181 महिला हेल्पलाईन एवं जिलाधिकारी महोदय को लिखित या मौखिक रूप से सूचना दे सकते है। बाल विवाह को रोकने तथा बाल विवाह कें दुष्परिणामों सें आम जनता को जनजागरूक करने के लिये ब्लाक एवं तहसील स्तर पर बैठकों का आयोजन विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

### ए एस चेक टीम ने चलाया सघन चैकिंग अभियान



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में ए एस चेक टीम द्वारा हनुमान जयंती के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था हेतु तुवन मंदिर प्रांगण में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सघन एवं सतर्कता पूर्ण चैकिंग अभियान चलाया गया है । मंदिर प्रांगण में संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की चैकिंग कर उनसे पूछतांछ की गयी । परिसर की पार्किग में खड़ी गाडियों की सघन चैकिंग की गयी। ए एस चेक टीम द्वारा सुरक्षा उपकरण एक्सटेंशन मिरर, प्रोडर, DSDM की मदद से लोगो के सामानों, दुकानों , मंदिर प्रांगण मे सघन चेंकिग की गयी तथा मेटल डिटेक्टर से विस्फोटक पदार्थों आदि की चैकिंग गयी की गयी ।

### पुलिस ने वांछित चल रहे चार आरोपी दबोचे



ललितपुर ।पुलिस ने चार वाछिंत अभियुक्तों को किया गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में किया पेश। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0-304/2024 धारा- 147.149.323.506.324.307.120बी भादवि थाना कोतवाली ललितपुर के बांछित अभियुक्तगण रतन सिंह उर्फ बल्ली पुत्र मोतीलाल उम्र 50 वर्ष, उजागर लोधी पुत्र मोतीलाल उम्र 45 वर्ष, गब्बर लोधी पुत्र मोतीलाल उम्र 32 वर्ष, गुलाब उर्फ गोलू पुत्र रतन सिंह 24 वर्ष निवासी गण ग्राम कल्याणपुरा थाना कोतवाली ललितपुर को मुखबिर की सूचना पर खोखरा तिराहा से दिनांक 23.04.2024 को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

### जुमलेबाजी करने वाले अब गारंटी का झांसा दे रहे हैं

अलीगढ़ । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दस साल तक जुमलेबाजी करने वाले अब गारन्टी का झांसा दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी बिजेन्द्र सिंह और हाथरस के प्रत्याशी जसबीर बाल्मीकि के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुये श्री यादव ने कहा कि भाजपा की पहचान लूट और झूठ है। भाजपा ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियो के लिए गोदाम बनवा लिया है। सारे अपराधी, भ्रष्टाचारी भाजपा में चले गए हैं। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के जरिए भारी भ्रष्टाचार किया है। चुनावी चंदा के नाम पर हजारों करोड़ रूपये की वसूली की है। इलेक्टोरल बांड ने भाजपा का बैंड बजा दिया है। भाजपा नेताओं की बोलती बंद है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म कर रही है। उन्होने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के संविधान पर संकट है। भाजपा के नेता चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। जनता को सावधान रह कर वोट करना है। संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करना है। दस साल तक जुमलेबाजी करने वाले अब गारन्टी का झांसा दे रहे हैं। देश की जनता को भाजपा की झूठी गारन्टी नहीं, बाबा साहब के संविधान में मिली गारन्टी चाहिए। भाजपा बाबा साहब के संविधान को हटा कर जनता का वोट का अधिकार छीनना चाहती है। यादव ने कहा कि पहले चरण के लोकसभा चुनाव से भाजपा घबरा गई है। भाजपा के दिल्ली और लखनऊ के नेताओं के भाषणों में चुनाव के रूझान आने लगे है।

### योगी ने रोड शो कर मांगा जनसमर्थन

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मेरठ में रोड शो कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी और रामानंद सागर की रामायण के भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल के लिये जनसमर्थन की अपील की। योगी ने विजय का प्रतीक चिन्ह बनाते हुये मतदाताओं से कहा कि 'श्रीराम' (अरुण गोविल) को सदन में पहुंचा दें। मेरठ की सड़कों पर तिल रखने तक की जगह नहीं थी। रोड शो में बहुसंख्यकों के साथ शामिल अल्पसंख्यक समाज ने भी योगी का अभिनंदन किया। लगभग 45 मिनट से अधिक के रोड शो में जहां तक नजर गई, हर तरफ जनसमुद्र ही दिखा। यहां सड़कों पर तिल तक रखने की जगह नहीं थी। हनुमान जयंती पर मंगलवार को निकले योगी आदित्यनाथ के रोड शो ने भीड़ का नया रिकॉर्ड कायम किया। पूरे रास्ते योगी आदित्यनाथ को आश्वासन मिला कि आपने हमें सुरक्षा दी है, हम आपके नेतृत्व में भाजपा को जीत का ताज पहनायेंगे। योगी आदित्यनाथ को देख जनमानस अभिभूत हो उठा। सभी ने जयश्री राम-जयश्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए तो दूसरी तरफ राम जी की सेना चली, जो राम को लाए हैं आदि गीतों से भी पूरा माहौल राममय हो गया। मोदी-योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों ने भी मेरठ की सड़कों पर जोश भर दिया। महिला, बुजुर्ग, पुरुष, युवा, बच्चे योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। सभी ने योगी आदित्यनाथ के रोड शो के पल-पल की छवि अपने मोबाइल में कैद कर ली। क्रांतिधरा मेरठ मंगलवार को भगवामय दिखा। यहां हर तरफ भगवा और भाजपा के झंडे दिखते रहे।